26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 26 अप्रैल, 2026

अंक- 181 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 8

www.dainikchingari.com

# वॉशिंगटन में डिनर पार्टी में फायरिंग, ट्रम्प थे निशाने पर

## हमलावर पकड़ा गया, 7 राउंड फायरिंग हुई, गेस्ट टेबल के नीचे छिपे, सभी सुरक्षित

**वॉशिंगटन ( एजेंसी/चिंगारी )।** अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में सालाना व्हाइट हाउस कॉरस्पॉन्डेंट डिनर के दौरान फायरिंग हो गई। शनिवार शाम के इस कार्यक्रम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, पत्नी मेलानिया और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस समेत कई बड़े अफसर मौजूद थे। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक हमलावर ने होटल के बॉलरूम के बाहर फायरिंग की। ट्रम्प और गेस्ट बॉलरूम के अंदर थे। ट्रम्प ने बताया कि हमलावर को पकड़ लिया गया है। हालांकि, पहले खबर आई थी कि हमलावर को मार गिराया गया। हमले के करीब डेढ़ घंटे बाद ट्रम्प ने मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा- अमेरिका के संविधान पर हमला हुआ। सीक्रेट सर्विस ने मेरी जान बचाई। सुरक्षाकर्मियों ने बहादुरी से काम किया। जिस अफसर को गोली लगी, वह सुरक्षित है। उसने बुलेटप्रूफ जैकेट पहनी थी। हमलावर के पास पावरफुल गन थी। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर राहत जताई कि राष्ट्रपति ट्रम्प, फर्स्ट लेडी और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस समेत सब सुरक्षित है। उन्होंने आगे लिखा, लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है और इसकी स्पष्ट शब्दों में निंदा की जानी चाहिए। BBC की रिपोर्ट के मुताबिक, हमलावर की पहचान 31 साल के कोल थोमस एलन के रूप में हुई है। वह अमेरिका के कैलिफोर्निया का है।


मौके पर पकड़ा गया हमलावर।



# गौसंरक्षण के साथ-साथ आर्थिक स्वावलम्बन का आधार बन रही गौशालाएं

## प्रदेश सरकार के सफल प्रयासों से निराश्रित गौवंश का संरक्षण एवं संवर्द्धन सुनिश्चित हो रहा

### गौ संरक्षण केंद्रों के निर्माण को प्राथमिकता

**प्रदेश में गौ संरक्षण केंद्रों के निर्माण को भी प्राथमिकता दी गई है। अब तक 630 वृहद गौ संरक्षण केंद्रों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है, जिनमें से 539 केंद्रों का निर्माण पूर्ण हो चुका है और 518 केंद्रों को क्रियाशील किया जा चुका है। प्रत्येक वृहद गो संरक्षण केंद्र में लगभग 400 गौवंश को रखने की क्षमता निर्धारित की गई है, तथा प्रति केंद्र निर्माण लागत लगभग 160.12 लाख रुपये है। इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2026-27 में नए वृहद गौ संरक्षण केंद्रों के निर्माण हेतु 100.00 करोड़ रुपये की धनराशि का प्रावधान किया गया है। प्रदेश सरकार इस दिशा में निरंतर विस्तार और सुदृढ़ीकरण पर कार्य कर रही है।**

**लखनऊ ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व एवं कुशल दिशा-निर्देशन में पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में भारतीय संस्कृति की आस्था के प्रतीक गौवंश के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए उल्लेखनीय कार्य राज्य सरकार द्वारा किये गये हैं। पूर्ववर्ती सरकारों के समय उत्तर प्रदेश में निराश्रित गौवंश की समस्या लंबे समय तक किसानों, ग्रामीण समाज और शहरी जीवन के लिए एक गंभीर चुनौती बनी रही। खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान, सड़कों पर दुर्घटनाओं का खतरा और पशुओं की दयनीय स्थिति को केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना से जुड़े मुद्दे की गंभीरता को समझते हुए प्रदेश में गोवंश संवर्धन तथा निराश्रित बेसहारा छुट्टा गौवंश के संरक्षण एवं भरण-पोषण के उद्देश्य से निराश्रित गोवंश संरक्षण नीति-2019 का प्राख्यापन कर समस्त निराश्रित गौवंश संरक्षण का कार्य प्रथम बार किया गया है। आज यह नीति जमीनी स्तर पर सकारात्मक परिणाम दे रही है।



गौवंश का संरक्षण एवं संवर्धन प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है और इस हेतु प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में 6,433 अस्थायी गो आश्रय स्थल, 518 वृहद गो संरक्षण केंद्र और 253 कांजी हाउस संचालित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त शहरी क्षेत्रों में 323 कान्हा गो आश्रय स्थल स्थापित किए गए हैं। इस प्रकार पूरे प्रदेश में कुल 7,527 गौ आश्रय स्थलों का एक सुदृढ़ नेटवर्क विकसित किया गया है, जिसमें लगभग 12.39 लाख निराश्रित गौवंश सुरक्षित रूप से संरक्षित किए जा रहे हैं। सरकार द्वारा प्रति गोवंश प्रतिदिन 50 रुपये की धनराशि दी जा रही है। प्रदेश सरकार ने गौवंश की चुनौती को व्यापक स्तर पर स्वीकार करते हुए ठोस व्यवस्थाओं का विकास करके गौवंश संरक्षण किया है।

गो आश्रय स्थलों के संचालन और गौवंश के भरण-पोषण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा प्रतिदिन लगभग 7.50 करोड़ रुपये की धनराशि व्यय की जा रही है। यह व्यय पशु संरक्षण, किसान सुरक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक दीर्घकालिक निवेश है। सरकार की यह प्रतिबद्धता स्पष्ट करती है कि गौवंश संरक्षण को एक मानवीय और सामाजिक उत्तरदायित्व के रूप में प्राथमिकता दी जा रही है।

इस अभियान का एक महत्वपूर्ण स्तंभ मा. मुख्यमंत्री सहभागिता योजना है। इस योजना के अंतर्गत अब तक 1,14,481 इच्छुक लाभार्थियों को 1,83,389 निराश्रित गोवंश सुपुर्द किए जा चुके हैं। इससे गौवंश को स्थायी आश्रय मिलने के साथ-साथ पशुपालकों की आय में भी वृद्धि हो रही है। गोवंश संरक्षण हेतु सेन्ट्रल प्रोजेक्ट मानिटरिंग यूनिट की स्थापना की गयी है, जिससे निराश्रित गौवंश आदि का अनुश्रवण किया जा रहा है एवं डीबीटी के माध्यम से भरण पोषण की धनराशि सीधे गौ आश्रय स्थलों को तथा सहभागियों के खाते में अन्तरित की जा रही है।

गौवंश संरक्षण के इन प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव अब कृषि क्षेत्र में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। गौ आश्रय स्थलों में पशुओं के व्यवस्थित संरक्षण के कारण खेतों में फसलों को होने वाले नुकसान में भारी कमी आई है। गौ आश्रय स्थलों से निकलने वाले गोबर का उपयोग खाद का उपयोग करके प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे किसानों की आय में वृद्धि हुई है और प्रदेश में अन्न उत्पादन में भी निरंतर बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। यह पहल किसानों के लिए राहत का एक मजबूत आधार बनकर उभरी है।

इसके साथ ही, गौ आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश को नियमित रूप से हरा चारा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चारागाह भूमि का विकास भी किया जा रहा है। प्रदेश में उपलब्ध 61,118.85 हेक्टेयर गोचर/चारागाह भूमि में से 11,834.50 हेक्टेयर भूमि को 7,339 गो आश्रय स्थलों से संबद्ध किया गया है। अब तक 7,364.03 हेक्टेयर भूमि पर हरे चारे की बुवाई की जा चुकी है। यह प्रयास गोवंश के पोषण स्तर को बेहतर बनाने के साथ-साथ आश्रय स्थलों की आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा दे रहा है। प्रदेश सरकार के अतुलनीय और नवीन प्रयासों ने निराश्रित गोवंश की समस्या को एक अवसर में परिवर्तित कर दिया है। जहां एक तरफ गौआश्रय स्थलों के माध्यम से निराश्रित गोवंश का संरक्षण हो रहा है। वहीं सरकार गोआश्रय स्थलों को आत्मनिर्भर बनाने, स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने, महिलाओं को सशक्त करने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सतत प्रयत्नशील है। निश्चित ही गौवंश संरक्षण की दिशा में उ.प्र. सरकार की यह पहल प्रशंसनीय और देश के अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय है।

# जिले में प्रतिस्पर्धी उत्कृष्टता के साथ उभरता LRD SVM इंटर कॉलेज

## यूपी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त की

**मंडावर ( चिंगारी )।** लाला रिक्खव दास सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मोहंडिया मण्डावर ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) परीक्षा 2026 में एक बार फिर प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए जिले में अपनी मजबूत शैक्षणिक उपस्थिति दर्ज कराई है।

इस वर्ष जिले की टॉप 10 सूची में जहां हाईस्कूल में लगभग 91.5 प्रतिशत एवं इंटरमीडिएट में 88 प्रतिशत के आसपास अंक दर्ज किए गए, वहीं LRD SVM इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी अत्यंत प्रतिस्पर्धी अंक प्राप्त करते हुए उत्कृष्टता की श्रेणी में अपनी सशक्त भागीदारी सुनिश्चित की है। विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं ने निरंतर मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ शानदार परिणाम देते हुए संस्थान की गौरवशाली परंपरा को मजबूती प्रदान की है।




**हाईस्कूल वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शनः**
तपस्या चौधरी - (538/600) 89.66 प्रतिशत
शौर्य राजपूत - (530/600) - 88.33 प्रतिशत
अक्षय कुमार - (520/600) - 86.66 प्रतिशत

**इंटरमीडिएट वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शनः**
प्रियांशु - (428/500)-85.60 प्रतिशत
गुणिका राजपूत - (426/500) - 85.20 प्रतिशत
अन्नू रानी (424/500) 84.80 प्रतिशत

विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री भूदेव सिंह एवं प्रधानाचार्य श्री रंजन त्यागी जी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की दृढ़ इच्छाशक्ति, शिक्षकों के समर्पित प्रयास एवं अभिभावकों के निरंतर सहयोग का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में LRD SVM इंटर कॉलेज न केवल इस स्तर को बनाए रखेगा, बल्कि जिले की शीर्ष उपलब्धियों में अपनी और अधिक सशक्त उपस्थिति दर्ज कराएगा।

# आईएएस बनना चाहती है जिला टॉपर सृष्टि चौहान

## माता-पिता बोले- बेटी ने बढ़ाया हमारा मान-सम्मान

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )। यूपी बोर्ड हाईस्कूल की जिला टॉपर सृष्टि चौहान आगे चलकर आईएएस बनना चाहती है। ग्राम मानियावाला में साधारण किसान परिवार में जन्मी सृष्टि के पिता सीताराम चौहान किसान हैं, जबकि माता पुष्पा देवी गृहिणी। सीताराम के पास मात्र 16 बीघा कृषि भूमि है जिसमें खेती करके वह परिवार की गुजर-बसर और बच्चों को पढ़ा-लिखा रहे हैं। सृष्टि अपने माता-पिता की इकलौती बेटी है जिसके दो भाई हैं। उसके बड़े भाई विनय चौहान का पुलिस में सिपाही के पद पर चयन हुआ है जबकि दूसरा भाई लकी चौहान बीएससी करके सरकारी नौकरी हेतु कोचिंग कर रहा है। चिंगारी संवाददाता एस.एम.असलम से बातचीत में सृष्टि ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने कॉलेज के टीचर्स व माता-पिता को दिया। सृष्टि ने नियमित रूप से विद्यालय जाने को महत्व दिया और कहा कि परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिये रिविजन बहुत जरूरी है। सृष्टि ने अभी से 11वीं व 12वीं की तैयारी शुरू कर दी है। सृष्टि के माता-पिता ने कहा कि बेटी ने हमारा बहुत सम्मान बढ़ाया है जिससे मन बहुत प्रसन्न है। चिंगारी सृष्टि के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।**



जिला टॉपर सृष्टि चौहान से बातचीत करते एस एम. असलम।

# क्रांति देवी इंटर कॉलेज का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**किरतपुर ( चिंगारी )।** क्रांति देवी इंटर कॉलेज शाहपुर रतन का यूपी बोर्ड परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा। हाईस्कूल में कनिका ने 83.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, मिस्बा ने 77.3 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय व माही ने 76.5 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट में अखिलेश कुमारी प्रथम, मोहन चंद्रपाल द्वितीय रहे। प्रधानाचार्या रचना देवी ने सभी छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रबंधक चंद्रपाल सिंह रवि ने कहा कि छात्र-छात्राओं की लगन और शिक्षकों की मेहनत से उत्कृष्ट परीक्षाफल प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास का प्रयास किया जाता है।



# माया देवी कन्या इंटर कॉलेज शेखपुरा का परीक्षाफल रहा शानदार



**बिजनौर ( चिंगारी )।** माया देवी पंडित कन्या इंटर कालेज शेखपुरा के बोर्ड परीक्षाफल रहा शानदार। माया देवी पंडित कन्या इंटर कालेज शेखपुरा के हाईस्कूल परीक्षा में जसप्रीत कौर 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम,मानसी 76 प्रतिशत पर द्वितीय, हिमांशी 75.66 प्रतिशत पर तृतीय तथा इंटर में अंशिका शर्मा 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, प्रतिभा एवं शाहीरा 76.4 प्रतिशत पर संयुक्त रूप से द्वितीय, शगुन 73.4 प्रतिशत पर तृतीय स्थान रहीं। प्रबंधक राजीव शर्मा दानी एवं प्रधानाचार्य आकांक्षा रस्तोगी ने बच्चों को आशीर्वाद दे कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

# अग्निशमन दल ने गंभीर हादसा होने से बचाया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। नजीबाबाद अग्निशमन केंद्र प्रभारी को अग्निशमन केंद्र धामपुर द्वारा सूचना दी गई कि नगीना रोड पर ग्राम मिलक जहांगीराबाद मोड़ के पास पेट्रोल से भरे एक टैंकर का टायर फट गया है जिससे तेल का रिसाव हो रहा है। सूचना मिलते ही तत्काल अग्निशमन नजीबाबाद ने अतिशीघ्र मौक़े पर पहुंचकर मोटर फायर इंजन द्वारा फोम के माध्यम से लगातार पंपिंग करते हुए आसपास का क्षेत्र सुरक्षित किया। ट्रक को रोड के किनारे करते हुए लगातार पंपिंग करते रह आग लगने की सम्भावना के दृष्टिगत अग्निशमन केंद्र नगीना से भी अतिरिक्त मोटर फायर इंजन को बुलाया गया। आग की सूचना मिलते ही डॉ. राजीव कुमार पाण्डेय मुख्य अग्निशमन अधिकारी बिजनौर एवं शीशपाल सिंह प्रभारी अग्निशमन अधिकारी बिजनौर भी तत्काल मौक़े पर पहुंच गये। अग्निशमन यूनिट लगातार फोम का प्रयोग करते हुए साहस का परिचय देते हुए तेल का दूसरे टैंकर में रिफिल होने तक डटे रहे।**

# हेजलमून स्कूल में हुई मोनोलॉग व सोनेट प्रतियोगिता

**चांदपुर ( चिंगारी )।** द हेज़लमून स्कूल में विद्यार्थियों की साहित्यिक प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से इंटर-हाउस विलियम शेक्सपीयर के जन्मदिवस के अवसर पर मोनोलॉग एवं सोनेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मोनोलॉग प्रतियोगिता में एमेरल्ड हाउस से पीहू दुबे, नैतिक तोमर, सफायर हाउस से आराध्या शर्मा, दिव्य भाटिया, सिट्रिन हाउस से रय्यान आबिदीन, आरोही तथा कार्नेलियन हाउस से परी तथा अदीब अहमद ने तथा सोनेट प्रतियोगिता में एमेरल्ड हाउस से नमरा, मो.फुज़ैल, सफायर हाउस से परी सिंह, तन्मय पाराशर, सिट्रिन हाउस से हमज़ा शोएब, फायज़ा इस्माइल, तथा कार्नेलियन हाउस से रैना, दर्शराज ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने महान अंग्रेज़ी साहित्यकार विलियम शेक्सपीयर की प्रसिद्ध रचनाओं पर आधारित मोनोलॉग और सोनेट प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने आकर्षक कास्ट्यूम में अपने भावपूर्ण अभिनय, स्पष्ट उच्चारण और आत्मविश्वास से सभी का मन मोह लिया।



मोनोलॉग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कार्नेलियन हाउस ने प्रथम स्थान, एमेरल्ड हाउस ने द्वितीय स्थान तथा सफायर हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सोनेट प्रतियोगिता में सिट्रिन हाउस ने प्रथम स्थान, कार्नेलियन हाउस ने द्वितीय स्थान तथा एमेरल्ड हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती शक्ति अनिरुद्ध मित्तल व प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा सिंह ने छात्रों को शेक्सपियर के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

ATHER
अब आपके शहर बिजनौर में
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

आवश्यकता है धामपुर में
शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल
शोरूम मैनेजर व मैकेनिक की।
सम्पर्क करें- मो. 8192801901
Dhruvika Motors LLP
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 26 अप्रैल, 2026

www.dainikchingari.com

# स्विस फ्लाइट का इंजन फेल, आग लगी

## 6 घायल, 4 नवजात समेत 232 लोग सवार थे, फ्लाइट ज्यूरिख जा रही थी

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** दिल्ली एयरपोर्ट पर यह घटना शनिवार रात एक बजे की है। हादसे के बाद एयरपोर्ट पर फुल इमरजेंसी घोषित कर दी गई थी। दिल्ली एयरपोर्ट में टेकऑफ के दौरान स्विस विमान का इंजन फेल हो गया। स्विस एयरलाइंस की LX147 फ्लाइट



शनिवार रात 1:08 बजे टेकऑफ करने वाली थी। तभी उसका एक इंजन फेल हो गया और उसमें आग लग गई। इसके बाद पायलट ने तुरंत विमान रोक दिया। अधिकारियों ने बताया कि सभी यात्रियों को रनवे पर इमरजेंसी स्लाइड का इस्तेमाल करके सुरक्षित बाहर निकाला गया। 6 यात्री घायल हो गए। फ्लाइट स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख जाने वाली थी। जिस विमान में खराबी आई, वह एयरबस A330 है। घटना भारतीय समय के अनुसार रात 1 बजे के बाद की है। जैसे ही विमान टेकऑफ करने के लिए रनवे में आया। विमान के बाईं ओर लैंडिंग गियर से धुआं निकलता देखा गया। इसके बाद तुरंत फ्लाइट को रोक दिया गया।

# सिपाही पासिंग आउट परेड में बोले सीएम योगी

## प्रदेश में खत्म हुआ माफियाराज, अब यहां नहीं होते दंगे

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** प्रदेश भर में आज पुलिस लाइन, पीएसी बटालियन और प्रशिक्षण केंद्रों पर एक साथ आरक्षी नागरिक पुलिस की पासिंग आउट परेड आयोजित हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली और नव आरक्षियों व उनके परिजनों को बधाई दी। उन्होंने बेटियों के प्रदर्शन की विशेष सराहना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर प्रशिक्षण के बाद यह बल तैयार हुआ है। सीएम बोले कि पुलिस बल को लेकर कहा जाता है कि ट्रेनिंग में जितना पसीना बहेगा, उतना कम खून बहेगा और अनुशासन पुलिस की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने



बताया कि प्रदेश के 75 जिलों में साइबर थाने स्थापित किए गए हैं और पीएसी की तीन महिला बटालियन गठित की गई हैं। सीएम ने कहा कि राज्य में अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत प्रभावी कार्रवाई हुई है, जिससे कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है। सीएम ने कहा आज दंगे नहीं होते, माफिया राज खत्म हो गया है। पुलिस बल का मनोबल ऊपर है।

महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज
मात्र 5 लाख रुपयों में
100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BHMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD: MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, OPPOSITE TIRANGA ENTERPRISES, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)
तुरंत आवश्यकता युवक-युवतियों की

Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265 8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

# गंगा एक्सप्रेस-वे : 594 किमी का मेगा कॉरिडोर लोकार्पण को तैयार

## मल्टी-पैकेज मॉडल से मिली रफ्तार

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश में बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में बड़ा बदलाव लाने वाली गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे देश को समर्पित करेंगे। करीब 594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे देश के सबसे बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में शुमार है और इसे यूपीडा के प्रभावी क्रियान्वयन और राज्य सरकार की रणनीतिक योजना का सफल उदाहरण माना जा रहा है। करीब 37 हजार करोड़ की लागत से तैयार इस मेगा प्रोजेक्ट को चार प्रमुख पैकेज (ग्रुप) में विभाजित कर निर्माण कार्य को गति दी गई। 'मल्टी-पैकेज' मॉडल इस परियोजना की सबसे बड़ी ताकत साबित हुआ, जिसने इतने बड़े प्रोजेक्ट को समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारने में अहम भूमिका निभाई। गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना को चार हिस्सों में विभाजित कर अलग-अलग एजेंसियों के माध्यम से कार्य कराया गया। पहले पैकेज की लंबाई




129.70 किमी है, जिसकी लागत 9 हजार करोड़ से अधिक है। दूसरे पैकेज की लंबाई 151.70 किमी और लागत लगभग 9 हजार करोड़ है। तीसरे पैकेज की लंबाई 155.70 किमी तथा लागत भी करीब ?9 हजार करोड़ निर्धारित की गई। चौथा और सबसे लंबा पैकेज 156.847 किमी का है, जिसकी लागत लगभग ?9.5 हजार करोड़ है। इस मॉडल के तहत विभिन्न डेवलपर्स और ईपीसी कॉन्ट्रैक्टर्स को समानांतर रूप से काम करने का अवसर मिला, जिससे निर्माण कार्य में उल्लेखनीय तेजी आई और समय सीमा का पालन सुनिश्चित हो । राज्य सरकार ने इस परियोजना को एकल एजेंसी के बजाय कई हिस्सों में बांटकर कार्य शुरू कराया, जिससे एक साथ कई मोर्चों पर काम संभव हुआ।

# मात्र आठ घंटे में संगम नगरी से मेरठ का सफ़र होगा मुमकिन

**प्रयागराज (एजेंसी/चिंगारी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 अप्रैल को उत्तर प्रदेश को गंगा एक्सप्रेस-वे की सौगात देने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में शामिल यह एक्सप्रेस-वे प्रदेश में बेहतर कनेक्टिविटी, औद्योगिक विकास और धार्मिक पर्यटन को नई गति देने वाला माना जा रहा है। वर्ष 2019 के कुंभ के दौरान आयोजित कैबिनेट बैठक में गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया था। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 18 दिसंबर 2021 को शाहजहांपुर में इस परियोजना का शिलान्यास किया था। गंगा एक्सप्रेस-वे शुरू होने के बाद प्रयागराज और मेरठ के बीच की लगभग 594 किलोमीटर की दूरी मात्र आठ घंटे में पूरी की जा सकेगी। यह एक्सप्रेस-वे मेरठ के बिजौली गांव से शुरू होकर प्रयागराज के जूड़ापुर दांदू गांव में समाप्त होगा। यह एक्सप्रेस-वे उत्तर प्रदेश के 12 जिलों और 518 गांवों से होकर गुजरेगा। इसके निर्माण से जिन क्षेत्रों से यह मार्ग गुजर रहा है, वहां विकास, व्यापार और रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है। मेरठ की खेल नगरी को संगम नगरी प्रयागराज से जोड़ने के साथ-साथ यह एक्सप्रेस-वे धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। इसके माध्यम से लोग कानपुर और वाराणसी की ओर भी आसानी से जा सकेंगे। एक्सप्रेस-वे से उतरकर राष्ट्रीय राजमार्ग-330 के जरिए वाराणसी होते हुए कोलकाता तक पहुंचना भी सुगम होगा। इस मार्ग से आने वाले श्रद्धालु प्रयागराज के संगम और अन्य धार्मिक स्थलों के अलावा वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ धाम, विंध्याचल धाम और चित्रकूट जैसे प्रमुख तीर्थस्थलों तक भी सरलता से पहुंच सकेंगे। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि गंगा एक्सप्रेस-वे न केवल प्रदेश का अब तक का सबसे लंबा एक्सप्रेस-वे बनकर तैयार हुआ है, बल्कि यह उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति की नई जीवन-रेखा भी

Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265 8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल
यूनिट ऑफ पुलकित मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट
SPECIALIST DOCTOR'S
RIGHT HERE RIGHT NOW
अब दूर नहीं जाना पड़ेगा
DR. SAKSHI CHAUHAN MBBS, MS
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
• सुरक्षित और आरामदायक डिलीवरी प्रक्रिया!
• स्वास्थ्य जांच और मॉनिटरिंग सुविधा!
• 24 घंटे नॉर्मल और सिजेरियन डिलीवरी!
• प्रसूति और स्त्री रोग विशेषज्ञ की नियमित सेवाएँ!
• माँ और बच्चे की सेहत का पूरा ख्याल!
• गर्भवती के लिए 9 महीने का सम्पूर्ण परामर्श!
DR. ANU VIBHU MBBS, MS
जनरल एवं लप्रोस्कोपिक सर्जन
• गॉल ब्लैडर स्टोन
• नसों का फूलना
• पाइल्स, फिशर
• अपेंडिक्स
• हर्निया
• फिस्टुला
• एंडोमेट्रियोसिस
• सिस्ट को हटाना
आवश्यकता है
लैब टेक्नीशियन
ब्लड बैंक टेक्नीशियन
नर्सिंग स्टाफ - GNM/ANM
वार्ड बॉय/आया
वेतन योग्यतानुसार
MORE INFORMATION
9897959151/9719775240
BAIRAJ ROAD, BIJNOR - 246701 (UP)

भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी" के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रोओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput (M.B.B.S) Pranab Rajput (M.B.B.S) Roopali (M.B.B.S) Vanshika Singh (IIT) Avantika Rana (M.B.B.S) Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928

Gents Specialist
CLASSIC TAILORS
9927060150
Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

# डीएम की रिपोर्ट पर बिजनौर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टास्क फोर्स

## जिला अस्पताल समेत सीएचसी का औचक निरीक्षण किया

## रात में ऑपरेशन न होने व एनेस्थेटिक विशेषज्ञ की कमी पर जताई

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से संचालित न होने की शिकायत के बाद शासन स्तर पर सक्रियता बढ़ गई है। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा भेजी गई रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुये अपर मुख्य सचिव के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की उच्च स्तरीय टास्क फोर्स टीम शनिवार को बिजनौर पहुंची और जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की गहन जांच की।

तीन सदस्यीय इस टीम का नेतृत्व पूर्व डीजी हेल्थ डॉ. रतनपाल सिंह सुमन ने किया। टीम में मुरादाबाद मंडल के अपर निदेशक डॉ. आशु अग्रवाल और मेरठ मंडल की अपर निदेशक डॉ. सीमा अग्रवाल भी शामिल रहीं। जांच शुरू करने से पहले टीम ने जिलाधिकारी जसजीत कौर के कैंप कार्यालय पर उनके साथ बैठक कर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर चर्चा की।

इसके बाद टीम ने सीएमओ कार्यालय पहुंचकर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह की मौजूदगी में विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा बैठक की। टीम ने ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति जानने के लिए स्याऊ और हल्दौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण कर योजनाओं के क्रियान्वयन और दवाइयों की उपलब्धता का जायजा लिया।

जांच टीम ने मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा। निरीक्षण के दौरान टीम ने विशेष रूप से रात के समय ऑपरेशन न होने पर कड़ी नाराजगी जताई। जब अस्पताल में एनेस्थेटिक विशेषज्ञों की उपलब्धता के बारे में जानकारी मांगी गई तो बताया गया कि जिला पुरुष चिकित्सालय में कोई एनेस्थेटिक चिकित्सक नहीं है, जबकि मेडिकल कॉलेज में एनेस्थेसिया विभाग में एसोसिएट और असिस्टेंट प्रोफेसर मौजूद हैं।

टीम ने इंडोर वार्डों का निरीक्षण कर मरीजों से भी सुविधाओं के संबंध में फीडबैक लिया और इमरजेंसी सेवाओं की स्थिति की जानकारी हासिल की। अपर निदेशक (मुरादाबाद मंडल) डॉ. आशु अग्रवाल ने बताया कि यह दौरा स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया गया है। हालांकि जांच के विशिष्ट बिंदुओं पर उन्होंने कोई टिप्पणी करने से इंकार करते हुए कहा कि पूरी रिपोर्ट सीधे शासन को सौंपी जाएगी।

### कूड़े में लगाई आग

**उच्चाधिकारियों के भ्रमण के मद्देनजर जिला अस्पताल प्रशासन ने बायोमेडिकल बेस्ट के कूड़े में आग लगा दी। धुएं से मरीजों को भारी परेशानी हुई। बताया जाता है कि निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. बी.आर. त्यागी को कई मामलों में लताड़ लगाई और उनकी कार्यशैली पर सवाल उठाये।**

# रोड पर जाम लगाने वालों के विरुद्ध मुक़दमा दर्ज

**चांदपुर (चिंगारी)।** सड़क जाम करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने व पुलिस व फैक्ट्री परिसर पर पथराव करने के मामले में 11 नामजद व 50-60 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया।

ग्राम इस्माईलपुर में बन्द पड़ी फैक्ट्री में गड्ढा खोदते समय ढांग गिरने से ग्राम रूकनपुर निवासी सुरेश की मौत हो गई थी। मृतक के परिजनों व ग्रामीणों ने चांदपुर-नूरपुर रोड पर जाम लगा दिया था। जाम से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी थी। वहां पहुंची पुलिस ने जाम लगाने वाले लोगों को काफी समझाया-बुझाया, लेकिन उन्होंने जाम खोलने से मना कर दिया तथा पुलिस व यात्रियों के साथ धक्का-मुक्की व गाली-गलौच करने लगे। उपनिरीक्षक राजीव कुमार की ओर से सड़क पर जाम लगाने वाले संजीव पुत्र सुरेशए नवीन पुत्र वीरेन्द्र, होराम पुत्र अमर सिंह, राहुल पुत्र चन्द्रपाल, जीवन पुत्र वीरेन्द्र, नरेश पुत्र चन्द्रपाल, योगराज पुत्र धर्मवीर निवासीगण ग्राम रुकनपुर थाना चांदपुर, जितेन्द्र पुत्र वेदप्रकाश ग्राम मेहर अलीपुर थाना नहटौर, जितेन्द्र पुत्र शोभाराम निवासी ग्राम हेजरपुर थाना चांदपुर, अरूण पुत्र विक्रम निवासी ग्राम जैनुल आबदिन थाना हल्दौर व रोहित तथा 50-60 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

# हत्या के मामले में वांछित बाल अपचारी ने थाने में सरेंडर किया

**नांगल सोती (चिंगारी)।** विगत 19 मार्च की शाम ग्राम शहजादपुर में तीन सगे भाइयों के परिवारों में हुए खूनी संघर्ष में गंभीर रूप से घायल युवक की मृत्यु हो जाने के प्रकरण में पुलिस ने स्वयं थाने पहुंचे वांछित बाल अपचारी को अभिरक्षा में लेकर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया, जहां से उसे बाल संप्रेक्षण गृह मुरादाबाद भेज दिया गया। उक्त हत्या में पिता-पुत्रों सहित चार आरोपियों को पहले जेल भेजा जा चुका है।

ज्ञातव्य है कि ग्राम शहजादपुर निवासी सगे भाइयों पप्पू, महेन्द्र एवं जयपाल के परिवारों में विगत 19 मार्च को खेत की मेढ़ काटने को लेकर शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया था। दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे, सरिये चले थे, जिससे कई व्यक्ति घायल हो गये थे। सिर पर कई लाठियां लगने से बेहद गंभीर रूप से घायल हुए युवक मोनू पुत्र पप्पू की 22 मार्च की रात्रि में एम्स, ऋषिकेश में उपचाराधीन अवस्था में मृत्यु हो गई थी। युवक की मृत्यु के बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने सोनू पुत्र पप्पू द्वारा अपने ताऊ महेन्द्र, चाचा जयपाल, तयेरे भाइयों कोमल व यशपाल उर्फ टिंकू तथा चचेरे भाई (बाल अपचारी) के विरुद्ध जानलेवा हमला करने के आरोप में दर्ज कराये गये मुकदमे को 25 मार्च को हत्या में तरमीम कर दिया था।

उपरोक्त प्रकरण में पुलिस चार आरोपियों महेन्द्र पुत्र मूला सिंह ए कोमल व यशपाल उर्फ टिंकू पुत्रगण महेन्द्र, उसके छोटे भाई जयपाल पुत्र मूला सिंह को पहले ही गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि एक वांछित बाल अपचारी ने शनिवार को अपराहन 2:30 बजे स्वयं थाने पहुंचकर आत्मसर्पण कर दिया।

# जियाउर्रहमान अंसारी ने कुरआन हिफ्ज के साथ इंटर की परीक्षा भी पास की

**बिजनौर (चिंगारी)।** राजा का ताजपुर निवासी होनहार छात्र जियाउर्रहमान अंसारी ने एक साथ धार्मिक और शैक्षिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मिसाल कायम की है। जियाउर्रहमान ने पहले कुरान-ए-पाक हिफ्ज किया और इस वर्ष यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में 78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत का लोहा मनवाया। जियाउर्रहमान, डा. अनीस अहमद अंसारी के पुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है। माता-पिता समेत पूरे परिवार के सदस्य और रिश्तेदार ज़ियाउर्रहमान की इस कामयाबी पर गर्व महसूस कर रहे हैं।



मोहल्ले और क्षेत्र के लोग भी उन्हें बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं। इस अवसर पर त्रिमासिक उर्दू पत्रिका मुशीर-ए-अस्र के संपादक फखरुद्दीन फख्र ने भी जियाउर्रहमान को उनकी सफलता पर मुबारकबाद देते हुए दुआओं से नवाजा और तरक्की की कामना की।

# रेड हाउस ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

**चांदपुर (चिंगारी)।** आधारशिला द स्कूल में इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 आयोजित की गई, जिसमें रेड हाउस विजयी रहा। इस प्रतियोगिता में पहला सेमीफाइनल मैच ब्लू हाउस (कप्तान-रुद्राक्ष चौधरी और येलो हाउस (कप्तान-यशराज कर्णवाल) के बीच खेला गया, जिसमें यलो हाउस ने ब्लू हाउस को पराजित किया और फाइनल में अपनी जगह बनाई। दूसरा सेमीफाइनल रेड हाउस (कप्तान- पुनीत तोमर) और ग्रीन हाउस (कप्तान- शाहजेब आलम) के बीच खेला गया, जिसमें रेड हाउस विजयी रहा। प्रतियोगिता का फाइनल मैच रेड हाउस (कप्तान- पुनीत तोमर) और येलो हाउस (कप्तान- यशराज कर्णवाल) के बीच खेला गया। इसमें यलो हाउस ने पहले बल्लेबाजी करते दस ओवरों में 113 रन बनाए। दूसरी पारी में 114 रन का पीछा करते हुए रेड हाउस ने नौ ओवरों में ही विजयश्री हासिल कर ली। प्रतियोगिता में विद्यालय के वरिष्ठ खेल प्रशिक्षक सुंदरपाल सिंह एवं वाणिज्य प्रवक्ता राहुल गोस्वामी ने अंपायर की भूमिका निभाई, वहीं तीसरे अंपायर की भूमिका में विद्यालय के वरिष्ठ खेल प्रशिक्षक डॉ. अरुण कुमार नागर रहे। स्कोरर की भूमिका में शौर्य प्रताप सिंह रहे एवं इस मैच का आंखों देखा हाल विद्यालय के हिंदी-विभागाध्यक्ष चतुर्भुज पाण्डेय ने सुनाया। प्रतियोगिता में सर्वाधिक रन येलो हाउस के कप्तान यशराज कर्णवाल ने बनाए, जबकि सर्वाधिक विकेट ब्लू हाउस के धैर्य प्रताप सिंह ने लिए। प्रतियोगिता में विद्यालय प्रबंधक विवेक कर्णवाल एवं श्रीमती एकता कर्णवाल, प्रधानाचार्या अनीता शर्मा, उप प्रधानाचार्य बिजेंद्र सिंह नेगी, स्कूल-कोऑर्डिनेटर बबीता त्यागी, हेमंत त्यागी, पूजा पांडे, विकास सैलानी रजनी शर्मा, प्रीति चौहान, गगन शर्मा, अम्बुज भारद्वाज आदि का सराहनीय योगदान रहा।




# स्टॉक मार्केट में निवेश के नाम पर 32 लाख की साइबर ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

## 99,320 रुपए की नकदी व मोबाइल फोन बरामद

**बिजनौर (चिंगारी)।** स्टॉक मार्केट में मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक युवक से 32 लाख रुपये से अधिक की ठगी कर ली। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 99, 350 रुपए की नकदी और मोबाइल फोन बरामद किया है। बिहार निवासी पीड़ित चंदन कुमार, वर्तमान में नगीना रोड स्थित आरसी पुरम कॉलोनी में रह रहे हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि एक फरवरी 2026 को उन्हें एफ5 इंडियन स्टॉक मार्केट इन्वेस्टर्स डिस्कशन नामक व्हाट्सऐप ग्रुप में जोड़ा गया। ग्रुप में स्टॉक ट्रेडिंग की जानकारी देने के साथ निवेश के लिए प्रेरित किया जाता था। कुछ समय बाद अधिक मुनाफे का लालच देकर उन्हें वेल्थ एलाइंस इंटर्नशिप ग्रुप में शामिल कराने की बात कही गई। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाना में मुकदमा दर्ज किया गया। जांच के दौरान सीबू हसन और मौ. आरिफ, दोनों निवासी बरेली, के नाम सामने आए, जो इस ठगी के नेटवर्क का हिस्सा निकले। शनिवार को साइबर क्राइम टीम ने दबिश देकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से एक मोबाइल फोन और 99,320 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस अब अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### इस तरह ठगे गये

ग्रुप एडमिन द्वारा फ़र्ली एलएलसी नाम का ऐप डाउनलोड कराया गया। इसके बाद पीड़ित की बातचीत माइकल कॉलिन्स नाम के व्यक्ति से कराई गई, जिसने अलग-अलग खातों में पैसे जमा कराने के निर्देश दिए। 24 फरवरी से 17 मार्च 2026 के बीच पीड़ित से छह बैंक खातों में कुल 32,53,000 रुपये जमा करा लिए गए।

### बिना मेहनत दिया गया था कमाई का लालच

गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उनकी मुलाकात दिसंबर 2025 में लखीमपुर खीरी निवासी राघव से हुई थी। राघव ने उन्हें बिना मेहनत अधिक कमाई का लालच दिया और अपने बैंक खातों के जरिए ठगी की रकम ट्रांसफर कराने का काम सौंपा। आरोपी खातों में आई रकम निकालकर राघव को देते थे, जिसके बदले उन्हें कमीशन मिलता था। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्हें पता था कि उनके खातों में आने वाला पैसा साइबर ठगी से जुड़ा है, लेकिन लालच के चलते वे इस गिरोह का हिस्सा बने रहे।

### पुलिस ने की अपील

**एएसपी सिटी डॉक्टर कृष्ण गोपाल सिंह ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान व्हाट्सऐप ग्रुप, ऐप या निवेश योजना के झांसे में न आएं। अधिक मुनाफे का लालच अक्सर साइबर ठगी का जरिया होता है।**

# मंत्री जसवंत सैनी ने प्रशांत के परिजनों को दिया 5 लाख का चैक

**चांदपुर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने ग्राम हैजरपुर में मृतक प्रशांत सैनी के आवास पर पहुंचकर परिजनों को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से आर्थिक सहायता के रूप में 5 लाख रुपए का चैक दिया तथा साथ ही प्रशासन से पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराये जाने को कहा। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती कमलेश सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौहान, भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री चौ. सुधीन्द्र सिंह, भाजपा के जिला मंत्री केशव चौधरी, तिलक राज सैनी,सुनील चौधरी सांसद प्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष राकेश सैनी, नवनीत राणा, मोहित अग्रवाल आदि भाजपा नेता मौजूद रहे।



# बैराज रोड पर मिला अधेड़ व्यक्ति का शव

**बिजनौर (चिंगारी)।** एनएच-34 पर मेरिटा स्कूल के पास ओवरब्रिज के नीचे शनिवार दोपहर को अधेड़ का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, करीब 55 वर्षीय व्यक्ति का शव ओवरब्रिज के नीचे पड़ा हुआ था। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन देर शाम तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस की प्रारंभिक जांच में शव पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं पाए गए हैं, जिससे मौत के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ सिटी संग्राम सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# शानदार रहा सर्वोदय विद्यापीठ का परीक्षाफल



**चांदपुर (चिंगारी)।** सर्वोदय विद्यापीठ इंटर कॉलेज सेंदवार का यूपी बोर्ड 10वीं का परीक्षा परिणाम 96 प्रतिशत व इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम 92 प्रतिशत रहा। हाईस्कूल में खुशी प्रथम, शनि द्वितीय व चाइना तृतीय स्थान पर रहे। इंटरमीडिएट में संजना कुमारी प्रथम, शिफा परवीन द्वितीय व दिव्यांशी तृतीय स्थान पर रही। विद्यालय की संस्थापिका श्रीमती पीयूष राजपूत, प्रबंधक दिनेश कुमार चौहान, प्रधानाचार्य सृष्टि राणा, नरेन्द्र प्रताप सिंह, संदीप कुमार, बंटी कुमार, रामगोपाल शर्मा, सीमांत शर्मा, विनोद, एकता, गरिमा, दिव्या, आरती, रहनुमा, तबस्सुम आदि ने मेधावी छात्राओं का मुंह मीठा कराकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सौरभ की हत्या के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

## विवाह समारोह में शराब को लेकर हुआ था विवाद, सिर में मार दी थी गोली

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** पांच दिन पूर्व सिसौना स्थित बैंकट हाल के सामने हुए मामूली विवाद के बाद ग्राम रावटी में एक युवक को घर में घुसकर गोली मारने के मामले मे तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा जेल रवाना किया गया। रावटी निवासी सुदेश कुमार ने 21 अप्रैल को पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि रात्रि लगभग 12 बजे टूंगरी गांव के अंकित व अतुल पुत्रगण भूपेंद्र सिंह अपने एक अन्य साथी के साथ अचानक घर में घुस आए और पुत्र सौरभ पर फायर कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस आरोपियों की निशानदेही में जुट गई। उपचार के दौरान घायल सौरभ की मृत्यु हो जाने पर धारा 103 (1) बीएनएस की वृद्धि की गई। विवेचना के दौरान सोकेन्द्र उर्फ शौकीन उर्फ सौकी पुत्र छोटन निवासी टूंगरी का नाम प्रकाश में आया। थाना प्रभारी जय भगवान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अंकित, अतुल और सोकेन्द्र उर्फ शौकीन को गिरफ्तार किया गया है। उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक तमंचा 32 बोर मय एक खोखा कारतूस, दो बाइक, दो मोबाइल फोन, 350 की नगदी बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर धारा 3/ 25 /27 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गई। बताया कि पूछताछ में तीनों आरोपियों ने बताया कि सिसौना मैरिज होम में आयोजित शादी समारोह में शराब को लेकर सौरभ से उनका विवाद हुआ था। प्रतिशोध स्वरूप अंकित ने अपने घर से तमंचा उठाया और योजना के तहत सौरभ के घर जा पहुंचे और उसे बहाने से बुलवा कर गोली मार दी। विरोध करने पर सौरभ के पिता पर भी फायर किया गया था। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक हीमपुर दीपा जय भगवान सिंह, उप निरीक्षक मुकेश कुमार, हेड कांस्टेबल सचिन पवार और सचिन सार्थक, मोहित कुमार, शक्ति राम, अनुज कुमार आदि कांस्टेबल शामिल रहे।



# दिल से दिल की बात करती हैं अपूर्वा की कवितायें

**पुस्तक समीक्षा : स्मृति नाद**
**लेखिका : अपूर्वा**

अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त करने का यदि कोई सबसे सशक्त माध्यम है, तो वह कविता ही है। 'स्मृति नाद' अपूर्वा के अन्तर्मन में उठने वाले संगीत की वह गूंज है, जो पाठकों के दिल में सीधे उतर जाती है। स्मृति नाद अपूर्वा का पहला काव्य संग्रह है, जिसमें 45 कविताएं हैं, जो जीवन के विविध पक्षों को हमारे सामने प्रस्तुत करती हैं। काव्य संग्रह में संकलित कविताओं में अहसासों की गूंज है, जो समय के साथ नीचे दब तो जाते हैं, लेकिन अन्तर्मन में सदा विद्यमान रहते हैं और समय-समय पर स्मृतियों में अनायास ही आकर झकझोर जाते हैं, अपूर्वा का काव्य संग्रह 'स्मृति नाद' की आत्मा उसका वह जुड़ाव है, जो जीवन को एक डोर में हमेशा बांधे रखता है और उसी जुड़ाव को अपूर्वा ने अपनी कविताओं में बहुत ही संवेदनशीलता के साथ अभिव्यक्त किया है। साहित्य में व्यक्तिगत कुछ नहीं होता। अपूर्वा की कविताओं को पढ़कर ऐसा लगा, जैसे उसकी इन कविताओं में व्यक्तिगत कुछ भी नहीं जो भी है, वह एक समूह अभिव्यक्ति है। पिता के ऊपर जो कविताएं इस काव्य संग्रह में हैं वे झकझोर देती हैं/जब कवयित्री कहती है 'बेटियां दो जिंदगी जीती हैं। एक पिता के साथ, एक पिता के चले जाने के बाद'। क्या ये सिर्फ लेखिका की अनुभूति है। नहीं यह हर उस लड़की की अनुभूति है, जो पिता के साथ और पिता के जाने के बाद वे जीती हैं। पिता बेटी के लिये जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है।

स्मृति नाद काव्य संग्रह में 'मां गंगा सी बहती रहती है' कविता में विवाहोपरांत पीहर छूट जाने के बाद भी हर पल मां की स्मृतियां कौंधती रहती हैं, और बेटी की हर बात में मां कहीं न कहीं अवश्य होती है। स्मृति नाद काव्य संग्रह में सिर्फ व्यक्तिगत स्मृतियां ही नहीं हैं, अपितु इस काव्य संग्रह की कविताएं सामाजिक सरोकारों और मानवीय संवेदनाओं को भी अपने भीतर समेटे हुए हैं। 'संघर्ष' फुटपाथ पर हेलमेट बेचता लड़का और बूढ़ा मोची इन बिंबो के माध्यम से सामाजिक असमानता और संघर्ष को रेखांकित किया गया है। 'अस्पताल के पास' कविता एक सकारात्मकता को हमारे सम्मुख रखती है, जहां दवाओं के साथ-साथ संगीत तितली और फूलों को चिकित्सा का हिस्सा माना है।




रिश्तों की सौंधी गंध रिश्तों को हमेशा तरोताजा और महकाये रखती है। अपूर्वा की कविताओं में रिश्तों की सोंधी गंध और उसकी महक महसूस की जा सकती है। 'नाना मेरे जादूगर', नानी की उंगलियां, जैसी कविताएं बचपन के नि:स्वार्थ प्रेम को सजीव करती हैं। 'बूंदी डाइनिंग टेबल' यह मेज परिवार के इतिहास बचपन के ठहाकों और अनगिनत यादों की साक्षी है। 'स्मृति नाद' काव्य संग्रह की कविता 'वो लड़की' ऐसी कविता है, जिसकी ओर ध्यान देना अपूर्वा जैसी ही कोई संवेदनशील आत्मा कर सकती है, नहीं तो न जाने कितनी लड़कियां हर रोज सड़क पर कुछ न कुछ बेचती पायी जाती हैं। अपूर्वा ने उसे पंख देने की सोची। जिससे वह भी अपनी उड़ान भर सके।

'स्मृति नाद' काव्य संग्रह की सारी कविताओं के बारे में लिखना तो शायद इस छोटी सी समीक्षा में संभव नहीं है, लेकिन फिर भी इतना जरूर कहूंगी कि इस काव्य संग्रह की कतिवाएं जोड़ती हैं। अपनी हमारी स्मृतियों को, हमारी उन यादों को जो शायद समय की रेत के नीचे कहीं दब सी गई हैं। अपूर्वा की कविताओं में एक खास बात है, इन कविताओं की भाषा, जिसमें कोई आवरण नहीं, जो सीधे दिल से दिल की बात करती हैं।



**समीक्षक- प्रो. शशिप्रभा**
विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग
वर्धमान कॉलेज, बिजनौर

# खिरनी में गन्ना फसल विवाद गरमाया, 27 अप्रैल को कटाई की घोषणा से बढ़ा तनाव

## एक पक्ष ने एसपी से की भाकियू अराजनीतिक पर कार्रवाई की मांग, प्रशासन ने बुलाई बैठक

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मंडावर क्षेत्र के ग्राम खिरनी में गन्ने की फसल काटने को लेकर चल रहा विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। भाकियू अराजनीतिक द्वारा 27 अप्रैल को विवादित फसल काटने की घोषणा के बाद माहौल और तनावपूर्ण हो गया। इसी बीच खुद को जमीन का मालिक बताने वाले सुधीर कुमार ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती-पत्र देकर भाकियू अराजनीतिक के पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता के अनुसार, उसकी भूमि से संबंधित वाद संख्या 85/2026 सिविल जज जूनियर डिवीजन, बिजनौर के न्यायालय में विचाराधीन है, जिसकी अगली सुनवाई 28 अप्रैल को निर्धारित है। सुधीर कुमार का आरोप है कि भाकियू अराजनीतिक के जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही ने सोशल मीडिया के माध्यम से न्यायालय के आदेशों को चुनौती देते हुए फसल कटवाने की बात कही है, जबकि न्यायालय द्वारा ऐसी किसी कार्रवाई की अनुमति नहीं दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कृत्य कानून



### फिलहाल भाकियू का 27 का कार्यक्रम स्थगित

का उल्लंघन है और इससे समाज में भय व अशांति का माहौल बन रहा है। शिकायत में नितिन सिरोही व किसान नेता दिगंबर सिंह के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। दूसरी ओर, मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन सक्रिय हो गया है। खिरनी प्रकरण को लेकर तहसील परिसर में भाकियू अराजनीतिक के पदाधिकारियों के साथ बैठक बुलाई गई है। बैठक में एसडीएम सदर ऋतु चौधरी, पुलिस क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद अंजनी कुमार, थानाध्यक्ष मंडावर सुमित राठी व नायब तहसीलदार फैसल खान सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। भाकियू अराजनीतिक की ओर से जिलाध्यक्ष नितिन कुमार सिरोही, जिला महामंत्री नितेंद्र प्रधान सहित अन्य पदाधिकारी बैठक में शामिल रहे।

बैठक में प्रशासन की ओर से प्रस्ताव रखा गया कि गन्ना की फसल को प्रशासन स्वयं कटवायेगा। दोनों पक्षों में से कोई भी व्यक्ति खेत पर नहीं जायेगा। न्यायालय के आदेशानुसार फसल की राशि उस व्यक्ति को दी जायेगी जिसे न्यायालय उचित ठहरायेगा। बैठक में नितिन सिरोही ने कहा कि अदालत ने 23 मार्च को उनके पक्ष में आदेश दिया था, लेकिन वे स्वयं गन्ना कटवाने खेत पर नहीं गये। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व सांसद भारतेन्द्र सिंह ने स्वयं खेत पर जाकर इस विवाद को हवा दी है। बैठक में भाकियू अराजनीतिक के पदाधिकारी प्रशासन के प्रस्ताव से सहमत हो गये और उन्होंने फिलहाल कल 27 अप्रैल को खेत पर जाकर गन्ना कटवाने का अपना कार्यक्रम स्थगित कर दिया। बैठक में भाकियू की ओर से नितिन कुमार सिरोही के अलावा नितेन्द्र प्रधान, अतुल कुमार बालियान, उदयवीर सिंह आदि भी मौजूद रहे।

# अवैध वसूली के विरोध में मंडावली थाने पर किसानों का धरना-प्रदर्शन



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन भानु ने खनन में अवैध वसूली को लेकर मंडावली थाने के सामने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। भाकियू भानु के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह देशवाल ने भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष व अन्य पर अवैध वसूली का आरोप लगाया। यूनियन के द्वारा धरना प्रदर्शन कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की गई। जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह देशवाल ने कहा कि जब तक आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती जब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, अनिल चैधरी, ब्लॉक अध्यक्ष विपिन राजपूत, राजीव सिंह, दिनेश कुमार, मनोज कुमार, निरंकार, चरण सिंह, हरेंद्र सिंह, ऋषिपाल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मीना सिंह, लता चौहान आदि संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे। भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष विपिन तोमर ने इस तरह के आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि भूपेंद्र सिंह ने उन्हें अशब्द कहे है। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने दोनों पक्षों के पांच-पांच पदाधिकारियों को थाने बुलाया है। समाचार लिखे जाने तक वार्ता जारी थी। सुरक्षा की दृष्टि से मौके पर भारी संख्या में मंडावली पुलिस मौजूद है। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच की गई वार्ता में दोनों पक्षों में समझौता करा दिया गया है, किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं है। भाकियू भानू का समझौते के बाद धरना प्रदर्शन समाप्त हो गया है।

# सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने बनाया कीर्तिमान

## इंटर व हाईस्कूल की राज्य मेरिट लिस्ट में पाया स्थान



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** आवास विकास स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्तराखण्ड परिषदीय परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट दोनों वर्गों में विद्यार्थियों ने राज्य की वरीयता सूची मेरिट में स्थान प्राप्त कर सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया ऋषिकेश विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को माला एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं। हाईस्कूल मेरिट में स्थान प्राप्त छात्र-छात्राएं,सक्षम, 13वीं,अक्षिता गैरोला, 16वीं अर्णव बसलियाल, 17वीं, निखिल रतूड़ी, 20वीं, अभिषेक राणा,21वीं,शिवानी सेमवाल, 24वीं सांची चोपड़ा, 25वीं रहीं, जबकि इंटरमीडिएट मेरिट में स्थान प्राप्त छात्र-छात्राएं- आर्यन, 2वीं, गौरव 17वीं, हिमांशु गुप्ता कॉमर्स 23वीं, अन्वेषिका 25वीं रहे। विद्यालय के परीक्षा प्रभारी सतीश चौहान एवं गृह परीक्षा प्रभारी रामगोपाल रतूड़ी ने जानकारी देते हुए बताया कि हाईस्कूल में 245 तथा इंटरमीडिएट में 271 पंजीकृत छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी, जिनमें से सभी विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया। परिणाम घोषित होते ही छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी व्यक्त की, वहीं शिक्षकगणों ने भी मेधावी विद्यार्थियों के साथ स्मृति चित्र लेकर कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के परिश्रम, अनुशासन एवं संस्कारों का परिणाम है। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य नागेन्द्र पोखरियाल, वीरेंद्र कंसवाल, यशोदा भारद्वाज, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी नन्द किशोर भट्ट आदि उपस्थित थे।

# नशे में युवक ने पेड़ से लटककर दी जान

नजीबाबाद (चिंगारी)। थाना क्षेत्र के ग्राम इस्सेपुर निवासी विजय के 27 वर्षीय पुत्र दिलावर ने शनिवार को गांव के पास स्थित आम के पेड़ में रस्सी का फंदा बनाकर उससे लटक कर आत्महत्या कर ली। वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने यह देखकर तत्काल इसकी सूचना परिजनों को दी। मौके पर लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। कुछ देर बाद ही नजीबाबाद सीओ अंजनी कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार व गंग नहर पुलिस चैकी के प्रभारी तेजवीर सिंह भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई की। जिसके बाद युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया गया। परिजनों का कहना है कि युवक नशे का आदी था तथा नशे में ही उसने आत्महत्या की है। जबकि कुछ ग्रामीणों का कहना है कि युवक की कुछ समय पहले ही प्रेम प्रसंग के चलते शादी हुई थी, गृह कलेश के चलते युवक ने नशे में यह खौफनाक कदम उठाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पैसा लेकर काम न करने वाले ठेकेदार के खिलाफ रिपोर्ट की मांग

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला हवेलीतला निवासी मुफ्ती उवैस अहमद पुत्र स्व0 रईस अहमद ने पुलिस अधीक्षक को भेजे प्रार्थना पत्र में कहा है कि उन्होंने अपने आशियाना कालोनी नजीबाबाद में स्थित एक मकान का निर्माण कराने के लिए 130 रूपए स्कवायर फिट के हिसाब से मौहल्ला निवासी महबूब अहमद ठेकेदार को निर्माण कराने को 1 सितम्बर 2024 को ठेका दिया था। इस कार्य के लिए उन्होंने ठेकेदार को करीब 9 लाख रूपये कैश दे दिये थे। जिसके बाद ठेकेदार ने कुछ निर्माण करा दिया है। बाद में ठेकेदार ने उनका काम बीच में छोड़ दिया जिससे उन्होंने विवश होकर अपना काम दूसरे ठेकेदार से कराया। अब उक्त ठेकेदार उनके पैसे नहीं लौटाना चाहता, अगर वह पैसे मांगने जाते है तो उनके साथ गाली गलौच व मारपीट कर धमकी देता है। ठेकेदार की धमकी से उनमें व उनके परिवार वालों में डर का माहौल बना हुआ है। पीड़ित ने कहा कि ठेकेदार की नीयत में खोट आ गयी है। उन्होंने एसपी से थाना प्रभारी नजीबाबाद को आरोपी ठेकेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई कराने के लिए आदेशित किये जाने की मांग की।

# दूसरे दिन भी भारी गहमा-गहमी के बीच हुई होमगार्ड भर्ती परीक्षा



बिजनौर (चिंगारी)। रविवार को दूसरे दिन भी जनपद के 13 परीक्षा केंद्रों पर होमगार्ड भर्ती की लिखित परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और भारी गहमा गहमी के बीच सम्पन्न हुई। परीक्षा दो पालियों में हुई। भीषण गर्मी में परीक्षा केंद्रो के बाहर परीक्षार्थियों की भीड़ लगी रही। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित हुई जबकि दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक हुई।परीक्षा को शांतिपूर्ण और नकलविहीन कराने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए है। प्रश्नपत्रों को स्ट्रांग रूम से परीक्षा केंद्र तक ले जाने की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गई। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे और जैमर लगाए गए थे, जिनकी निगरानी कंट्रोल रूम से लगातार की जाती रही।परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग की गई। प्रवेश के दौरान अभ्यर्थियों के जूते-मोजे तक उतरवाकर जांच की गई। केंद्रों के आसपास फोटोस्टेट की दुकानों को भी एहतियातन बंद कराया गया, ताकि किसी भी प्रकार की नकल की संभावना न रहे। परीक्षा के लिए आर्य वैदिक कन्या इंटर कॉलेज, जीआईसी बिजनौर, बिजनौर इंटर कॉलेज, जीजीआईसी बिजनौर, वर्धमान कॉलेज, किसान इंटर कॉलेज (पीली चौकी), हर्दयानन्द सार्वजनिक इंटर कॉलेज झालू, किसान इंटर कॉलेज मड़ावली, आरजेपी इंटर कॉलेज बिजनौर, पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज झालू, केपीएस कन्या इंटर कॉलेज, आरबीडी महिला महाविद्यालय और गुरु गृह इंटर कॉलेज विदुर कुटी में कराई जा रही है।

**परीक्षा केंद्रों के बाहर लगी रही परीक्षार्थियों की भीड़, सुरक्षा के रहे कड़े प्रबंध**

# दुर्घटना में घायल फॉलोअर की मौत

**नहटौर ( चिंगारी )।** 16 अप्रैल को नहटौर थाने में फॉलोअर (रसोइये) के रूप में तैनात हल्दौर के मोहल्ला खेड़ा निवासी हरि पुत्र घसीटा (60 वर्ष) बाइक द्वारा अपने घर जा रहा था। पुलिस के अनुसार हल्दौर रोड स्थित बेगराजपुर के पास बाइकों की आपसी टक्कर में हरि सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए बिजनौर के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां से उसे मेरठ के लिए रेफर कर दिया था। जहां उपचार के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने फॉलोअर हरि सिंह की मौत होने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# कांग्रेस नेता मौ. आतिफ का शेरकोट में भव्य स्वागत



**शेरकोट ( चिंगारी )।** हरीश रावत ब्रिगेड उत्तराखंड के प्रदेश महासचिव एवं कांग्रेस नेता आर्किटेक्ट मौ आतिफ के शेरकोट पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। शनिवार को मौ आतिफ नगर के मोहल्ला काजी सराय स्थित फुरकान महमूद अंसारी के आवास पर पहुंचे, जहां उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान मौ. आतिफ ने भाजपा सरकार को जनविरोधी बताते हुए कहा कि जब से भाजपा सत्ता में आयी है, देश हर क्षेत्र में पिछड़ा है। उन्होंने कहा कि सरकार की ग़लत नीतियों के कारण जनता बेहाल है, किसान और जवान सड़कों पर धक्के खाने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि निरंतर बढ़ती बेरोज़गारी से युवा नौकरी की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कांग्रेस की नीतियों का प्रचार प्रसार करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला सचिव फुरकान महमूद अंसारी, हाफिज़ शद्दन,फईम अंसारी, डा. इकबाल, मौ. जावेद सभासद, महफूज अहमद आदि आदि उपस्थित रहे।

# शानदार रहा आर.आर. सरस्वती विद्या मंदिर का परीक्षा परिणाम

## इंटर में जिला टॉपर रहे अक्षित चौहान

**धामपुर ( चिंगारी )।** रामगोपाल रामचन्द्र सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज का उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। इण्टरमीडिएट में अक्षित चौहान ने 91.4 प्रतिशत अंक पाकर जनपद व विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।



अक्षित चौहान

अक्षित ने हिन्दी में 90, अंग्रेजी में 86, गणित में 97, भौतिक विज्ञान में 91, रसायन विज्ञान में 95 अंक प्राप्त किये। श्रीयांक ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय एवं जनपद में चौथा स्थान प्राप्त किया। आकाश कुमार ने 89.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में तृतीय व जनपद में छठा स्थान प्राप्त किया। इनके अलावा प्रिंस राजपूत ने 88.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में चौथा एवं जनपद में आठवां स्थान प्राप्त किया। इस परीक्षा में विद्यालय के इण्टरमीडिएट के 143 छात्र सम्मिलित हुये। जिनमें 119 छात्र प्रथम श्रेणी में, 20 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। 3 छात्र पूरक परीक्षा में रहे। इस प्रकार इण्टरमीडिएट परीक्षा परिणाम 97. 90 प्रतिशत रहा।

हाईस्कूल में कुल 183 छात्र सम्मिलित हुए। सभी छात्र उत्तीर्ण हुए, जिनमें 182 छात्र प्रथम श्रेणी में तथा 1 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुआ। सूर्यांश सैनी ने 92.5 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में प्रथम एवं जनपद में चौथा स्थान प्राप्त किया। सूर्यांश ने हिन्दी- 90, अंग्रेजी-95, गणित-98, विज्ञान-92,सामाजिक विज्ञान-84 चित्रकला-96 में अंक प्राप्त किये। रूद्र प्रताप ने 92.17 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में द्वितीय एवं जनपद में छठा स्थान प्राप्त किया। अथर्व वर्मा ने 90.50 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। परीक्षाफल को देखकर छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उनका उत्साह देखते ही बन रहा था। विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष महाश्य धर्मपाल सिंह, बृजमोहन गुप्ता चश्मे वाले, पीयूष अग्रवाल, पूर्व प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह ने उत्तम परीक्षाफल के लिए सभी अध्यापकों एवं छात्रों को बधाई दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य हेमेन्द्र सिंह ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की।



श्रीयांक, आकाश कुमार, प्रिसं राजपूत
सूर्यांश सैनी, रूद्र प्रताप, अथर्व वर्मा

# उपचार के दौरान महिला की मौत

**नहटौर ( चिंगारी )।** नगर के एक मोहल्ले में स्थित क्लीनिक में दवाई लेने आई गर्भवती महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक महिला सात माह की गर्भवती थी। आक्रोशित परिजनों ने क्लीनिक पर हंगामा किया। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। शनिवार को नहटौर के मोहल्ला छापेग्रान निवासी गर्भवती महिला भावना पत्नी विपिन को अचानक दिक्कत होने पर मोहल्ले में ही स्थित क्लीनिक पर भर्ती कराया था। परिजनों का आरोप है कि चिकित्सक ने उपचार में लापरवाही बरती। बीमारी के अनुरूप दवाई नहीं दी। जिसके कारण महिला और गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई। परिजन ने अन्य मोहल्ले वासियों के साथ क्लीनिक पर पहुंचकर हंगामा किया और चिकित्सक पर गर्भवती महिला की हत्या करने का आरोप लगाया। उन्होंने क्लीनिक को अवैध भी बताया। हंगाने की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस से बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि शिकायत एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



### एक वर्ष पहले हुई थी शादी

**विपिन और भावना की शादी 1 वर्ष पूर्व हुई थी। परिवार में नन्हे मेहमान के आने की खुशियां मनाई जा रही थी लेकिन गलत उपचार के कारण खुशियां मातम में बदल गई। सात माह की गर्भवती भावना को सामान्य जांच के लिए विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया। गलत इलाज के कारण शनिवार की देर सायं 6 बजे भावना की तबीयत बिगड़ने लगी और शरीर नीला पड़ गया।**

# 200 रूपये की रिश्वत लेने वाली संविदा महिला चिकित्सक सस्पैंड

**नगीना ( चिंगारी )।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना में कार्यरत (संविदा) महिला चिकित्सक आयुष डॉ. मीनाक्षी रस्तोगी को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर ने निलंबित कर दिया है। उक्त महिला चिकित्सक पर एक महिला रोगी से आयरन इंजेक्शन लगाने के नाम पर 200 रुपये की रिश्वत लिए जाने के आरोप के संबंध में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस प्रकरण में सीएमओ ने तीन सदस्य कमेटी गठित कर सात दिन के भीतर जांच आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार की दोपहर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नगीना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का एक वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो में एक महिला रोगी के साथ मौजूद एक युवक अस्पताल में कार्यरत संविदा महिला चिकित्सक (आयुष) डॉक्टर मीनाक्षी रस्तोगी पर आयरन इंजेक्शन लगाने के नाम पर 200 रुपये की रिश्वत लिए जाने का आरोप लगाते हुए दिखाई दे रहे थे। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर ने उक्त महिला चिकित्सक को निलंबित करते हुए अपने कार्यालय से संबद्ध कर दिया है।

# रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षत शव मिलने से हड़कंप मचा

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। मुरादाबाद रेलवे कंट्रोल रूम व स्टेशन मास्टर नजीबाबाद द्वारा आरपीएफ प्रभारी को सूचना दी गई कि किलोमीटर संख्या 1498/26 के बीच अप लाइन पर एक शव पड़ा हुआ है, जिससे रेल ट्रैक बाधित हो गया। यह सूचना गाड़ी संख्या 14674 के चालक द्वारा कंट्रोल को दी गई जिससे हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही आरपीएफ के उपनिरीक्षक वीर सिंह व थाने के उपनिरीक्षक पुष्पेंद्र राठी मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर एक शव क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा मिला। सिविल पुलिस द्वारा मृतक की तलाशी ली गई तो उसके पास से कोई पहचान पत्र या रेलवे टिकट बरामद नहीं हुआ। जिससे उसकी पहचान नहीं हो सकी। इस घटना के चलते गाड़ी संख्या 15120 करीब आधा घंटा प्रभावित रही। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर ट्रैक को क्लियर कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है।**

# हाईस्कूल-इंटर परीक्षा परिणामों में बेटियों ने मारी बाजी

## रामपाल सिंह चौहान सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज और पं. पूर्णानंद तिवारी इंटर कालेज का रहा दबदबा



**जसपुर ( चिंगारी )।** उत्तराखण्ड माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित इंटरमीडिएट एवं हाईस्कूल के परीक्षा परिणामों में स्थानीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। स्थानीय दस बच्चों ने मेरिट सूची में स्थान बनाकर अपने स्कूल एवं परिजनों समेत क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शनिवार की उत्तराखण्ड बोर्ड द्वारा रिजल्ट घोषित किया गया। रिजल्ट जारी होते ही स्कूली बच्चों में अपने-अपने परिणाम देखने के लिए उत्सुकता बढ़ गयी। हाईस्कूल के परीक्षा परिणामों में एएन झा इंटर कॉलेज करनपुर के मोहित कुमार ने 96.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मेरिट में छः वीं रैंक हांसिल की। वहीं महुवाडाबरा स्थित रामलाल सिंह चौहान सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज की छात्रा दुर्गा कॉलोनी निवासी योगिता कश्यप ने 96.20 प्रतिशत अंक के साथ सातवीं रैंक, मुरादाबाद के गांव रामपुर

### जसपुर क्षेत्र के दस बच्चों ने मेरिट में जगह बना किया नाम रोशन

घोघर निवासी सुदीक्षा चौहान ने 95.60 प्रतिशत अंक के साथ दसवीं रैंक, नगर पंचायत महुवाडाबरा निवासी शगुन ने 93.20 प्रतिशत अंक के साथ बाईस वीं रैंक प्राप्त की। उधर पं. पूर्णानन्द तिवारी इण्टर कॉलेज की छात्रा बुशरा खातून ने 95.60 प्रतिशत अंक के साथ दस वीं रैंक, वैष्णवी ने 93 प्रतिशत अंक के साथ 23 वीं रैंक हांसिल की। हाईस्कूल में छः विद्यार्थियों ने मेरिट में जगह बनायी है। योगिता के पिता उत्तराखण्ड पुलिस में हैं एवं माता गृहणी हैं। सुदीक्षा के पिता राजेन्द्र कुमार शिक्षक हैं तथा माता गृहणी हैं। योगिता ने बिना ट्यूशन के स्वंय पढ़ाई कर सफलता हांसिल की है। वहीं किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाली शगुन के पिता जितेन्द्र कुमार की मृत्यु हो चुकी है एवं माता सुमन देवी गृहणी हैं। शगुन ने छः घण्टे रोजाना पढ़ाई कर सफलता हांसिल की।

इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणामों में रामलाल सिंह चौहान सरस्वती विद्या मन्दिर इंण्टर कॉलेज के छात्र मौ. उवेश रजा ने 94.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 14 वीं रैंक हांसिल की। उवेश रजा ने हाईस्कूल में भी 19 वीं रैंक प्राप्त की थी। उवेश रजा के पिता इब्ने हसन पीटीआई हैं। उवेश ने बताया कि वह रोजाना आठ से दस घंण्टे टारगेट बनाकर पढ़ाई करता था साथ ही ट्यूशन भी लेता था। उवेश आगे चलकर डॉक्टर बनना चाहता है, इसके लिए उसने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। वहीं जीआईसी कुंडा के मोंटी ने 93.20 प्रतिशत अंक के साथ 21 वीं रैंक प्राप्त की। पं. पूर्णानन्द तिवारी इण्टर कॉलेज की छात्रा आलिया ने 92.20 प्रतिशत अंक के साथ 22 वीं रैंक और रोज जहां ने 91.80 प्रतिशत अंक के साथ 24 वीं रैंक हांसिल कर सफलता प्राप्त की है। इंटर की परीक्षाओं में क्षेत्र के चार बच्चों ने मेरिट में जगह बनाई है। मेरिट में जगह बनाने बाले बच्चों को बधाई देने वालों का तांता लग गया। छात्र-छात्राओं ने अपनी इस उपलब्धी का श्रेय अपने गुरूजनों के मागदर्शन एवं माता-पिता के निरंतर सहयोग को दिया। विद्या मन्दिर इंका एवं पूर्णानन्द इंका स्कूल प्रबंधन द्वारा खुशी जाहिर कर बच्चों का मुंह मीठा कराया गया। तथा उनके उज्जल भविष्य की कामना कर आशीर्वाद दिया। विधायक आदेश चौहान, पूर्व विधायक डॉ. शेलेन्द्र मोहन सिंघल, मनोज पाल, खड़क सिंह, मदनपाल सिंह, बलकरन सिंह, राजीव गंगवार, सुरेन्द्र सिंह, सर्वेश वर्मा, आदि ने बोर्ड परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शुभकामनाऐं दीं।

## सूचना

मैं पुष्पेन्द्र कुमार दिनांक 22/04/2026 को अपने घर से नूरपुर रोडवेज बस स्टैंड पर जा रहा था। इस दौरान उसके बेग में रखा हुआ एम.बी.ए. माईग्रेशन प्रमाण पत्र नम्बर SSA000000235486 एंव प्रथम वर्ष की मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक 1453970029 है, जो रास्ते में कही पर गिर / गुम हो गयी है जो काफी तलाश करने पर भी नहीं मिल पाई है। – **पुष्पेन्द्र कुमार पुत्र श्री गेंदा सिंह, निवासी- मोहल्ला हज़रतनगर, कस्बा व थाना नूरपुर, तहसील चांदपुर ( बिजनौर )**

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# महिलाओं ने शोभा रानी से की शिष्टाचार मुलाकात, कई विषयों पर की बात



नहटौर (चिंगारी)। ओम सेवा सदन, नहटौर में विधानसभा क्षेत्र नहटौर के ग्राम शमसाबाद से आई महिलाओं ने श्रीमती शोभा रानी (जिला उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा भाजपा, बिजनौर) से शिष्टाचार भेंट कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान श्रीमती शोभा रानी ने महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उनके यथाशीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। महिलाओं ने भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा महिलाओं के सम्मान एवं सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। साथ ही, अपने गांव में विधायक निधि से जनहित में स्थापित की गई हाई मास्क लाइट के लगने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक ओमकुमार के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर रामकली देवी, अमलेश देवी, कुंती देवी, लाली देवी, प्रवेश देवी, कमला, लोकेश देवी सहित अन्य सम्मानित महिलाएं उपस्थित रहीं।

# एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न

**बिजनौर ( चिंगारी )।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, बिजनौर चैप्टर आईआईए एवं टाटा पावर के संयुक्त तत्वावधान में एमएसएमई आउटरीच सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में आईआईए के अनेक उद्यमियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रमुख रूप से डिवीजनल चेयरमैन विकास अग्रवाल, चैप्टर चेयरमैन अवनीश अग्रवाल, सेक्रेटरी दीपक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नवनीत अग्रवाल, वाइस चेयरमैन शिल्पी कुमार, सिद्धार्थ कुमार तथा गौरव अग्रवाल, अंशुल सिंघल, हिमांशु अग्रवाल, सचिन गुप्ता (नजीबाबाद), मुकुल महेंद्रा (नजीबाबाद), अंकित गोयल, विनय अग्रवाल, राजीव लोचन, कौशल शर्मा, नितिन सिंघल, जुल्फुकार आलम, नवेद आलम, राजीव विश्नोई, डॉ. रामेंद्र सिंह, अरुणा अग्रवाल, सीए हर्षित अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर भारत सक्सेना (टाटा पावर सोलर प्रतिनिधि) ने वर्तमान समय में सोलर ऊर्जा की आवश्यकता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला। हसन द्वारा उसके लिए उपलब्ध विभिन्न महत्वपूर्ण वित्तीय योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। आईआईए की ओर से डिवीजनल चेयरमैन विकास अग्रवाल ने एमएसएमई क्षेत्र के विकास में आईआईए की सक्रिय भूमिका एवं उद्योगों को नई दिशा देने में उसके योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर आईआईए के नवीन सदस्य फयासुद्दीन का पिन लगा कर स्वागत किया गया।



# ट्रक ने ट्रक को टक्कर मारी, परिचालक की मौत

अम्हेड़ा ( चिंगारी )। आज रविवार की सुबह सवेरे 5 बजे नूरपुर-बिजनौर हाईवे पर ग्राम धनौरी के निकट पीछे से एक ट्रक ने आगे चल रहे ट्रक में टक्कर मार दी जिससे पिछ्ला ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया जिसमें सवार परिचालक सुखराम सिंह निवासी शाहजहांपुर गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे बाहर निकालकर उपचार हेतु बिजनौर भिजवाया गया था जहाँ उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी है। जबकि चालक सर्वेश पुत्र मेहरबान निवासी ग्राम तिलौर ( शाहजहांपुर ) सही है। घटना से सडक पर जाम लग गया अम्हेडा चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और एक घंटे की मशक्कत के बाद यातायात सुचारू कराया गया। ऐसा लगता है ट्रक चालक के नींद की झपकी आने से हादसा हुआ है। सूत्रों से पता चला है की घटना सुबह 5:30की है लेकिन पुलिस एम्बुलेंस 7:30बजे पहुंची अगर समय से उपचार होता तो मृतक बच सकता था।

# कीटनाशकों के गुणवत्ता नियंत्रण के लिए कृषि विभाग ने की छापामारी

## 25 कीटनाशकों के नमूने लिए, 4 विक्रेताओं के लाइसेंस निलम्बित



**बिजनौर ( चिंगारी )।** कृषकों में गुणवत्ता युक्त कीटनाशकों की उपलब्ध कराने के लिए उप निदेशक बिजनौर, जिला कृषि रक्षा अधिकारी बिजनौर एवं वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए कृषि रक्षा द्वारा जनपद के लगभग 50 कीटनाशी विक्रेताओं मै. वासु बीज भंडार नजीबाबाद, हिंदुस्तान बीज भंडार नजीबाबाद, भारत बीज भंडार नजीबाबाद, सरस्वती खाद भंडार नजीबाबाद, पाल बीज भंडार नजीबाबाद, छाबड़ा ट्रेडिंग कॉरपोरेशन नजीबाबाद, चौधरी बीज भंडार पैदा, राम खाद भंडार चांदपुर, शिवम किसान केंद्र जलीलपुर, श्री मोहन किसान सेवा केंद्र चांदपुर, किसान सेवा केंद्र रावटी, बबलू सीमेंट स्टोर जोगी औंधा के प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई की गई, जिसमें 25 संदिग्ध कीटनाशकों के नमूने अधिकृत किये गसे एवं 04 विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित किये गये। 10 को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए एवं निर्देशित किया गया कि प्रत्येक कीटनाशी विक्रेताओं को आईपीएमएस पोर्टल पर पंजीकरण उपरांत ही कीटनाशकों का वितरण किया जाएगा, साथ ही उच्च गुणवत्तायुक्त कीटनाशकों का वितरण कृषकों को किया जाए।

अप्रैल में हीरो के साथ शानदार ऑफर के साथ
Hero

1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक

CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
| --- | --- | --- |
| 1 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 3000 |
| 2 | HF Deluxe | 2100 |
| 3 | Super Splendor | 3000 |
| 4 | Xtreme 125R | 2500 |
| 5 | Glamour X | 2500 |
| 6 | Premium Segment | 5000 |
| 7 | Mavrick | 50000 |
| 8 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर 5.फीमेल टेलीकॉलर
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

# गौ आश्रय स्थलों में गर्मी से बचाव के पुख्ता इंतजाम के निर्देश

**लखनऊ ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने बढ़ती गर्मी और लू को देखते हुए प्रदेश के समस्त गौ-आश्रय स्थलों में पशुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश जारी किए हैं। विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा गया है कि सभी गो आश्रय स्थलों पर गर्मी से बचाव के समुचित इंतजाम तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित किए जाएं, ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही से पशुओं को नुकसान न पहुंचे। दरअसल, भीषण गर्मी से बचाने के लिए गो आश्रय स्थलों पर पानी, कूलर, पंखे और पर्याप्त छायादार व्यवस्था अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही पशुओं के लिए स्वच्छ पेयजल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की निगरानी करने को कहा गया है, जिससे किसी प्रकार की कमी तुरंत दूर की जा सके। योगी सरकार ने संभावित चारा संकट को देखते हुए इसके समाधान के लिए भी व्यापक रणनीति अपनाने को कहा है। गौ आश्रय स्थलों में पर्याप्त मात्रा में हरा चारा और भूसा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पशुओं के पोषण में कोई कमी न आए। पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि प्रदेश में चारागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। खाली कराई गई भूमि पर हाइब्रिड नेपियर घास की बुआई करने पर जोर दिया गया है, जिससे लंबे समय तक हरे चारे की उपलब्धता बनी रहे। इसके अलावा गो आश्रय स्थलों में छायादार वृक्षों का रोपण किया जा रहा है।

# एसडीएम ने गौआश्रय स्थलों का किया निरीक्षण



**बिजनौर ( चिंगारी )।** उप जिलाधिकारी (एसडीएम) बिजनौर द्वारा खंड विकास अधिकारी हल्दौर, प्रभारी अधिकारी (वित्तीय) श्री वल्लभ सिंह, वनरक्षी व पूर्व ग्राम प्रधान, क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक/लेखपाल तथा पंचायत सचिव के साथ संयुक्त रूप से विभिन्न गो आश्रय स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान छछरो देवू स्थित गौशाला में मौके पर 419 पशु पाए गए, जबकि 3 अन्य पशु उपचाराधीन मिले और 1 पशु का चारा चालू पाया गया। यहां भूसे की पर्याप्त व्यवस्था पाई गई। इसके बाद अस्थायी गौआश्रय स्थल किनान उर्फ माड़ी और नुगड़ा का भी निरीक्षण किया गया। किनान उर्फ माड़ी में 200 पशु पाए गए। नुगड़ा स्थित अस्थायी गौ आश्रय स्थल पर पशुधन प्रसार अधिकारी श्री रविंद्र कुमार द्वारा पशुओं की संख्या कम बताई गई, जबकि मौके पर 170 पशु मौजूद मिले। इस पर स्पष्टीकरण जारी करते हुए खंड विकास अधिकारी हल्दौर को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिये गये।

अधिकांश गौशालाओं में भूसे की पर्याप्त उपलब्धता और पशुओं के लिए पेयजल की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। हालांकि नुगड़ा गौ आश्रय स्थल पर भूसा भंडारण की स्थिति ठीक नहीं मिली। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जहां पर्याप्त भूमि उपलब्ध है वहां हरा चारा उगाया जाए तथा पशुओं के लिए स्वच्छ पेयजल, बिजली, हरा चारा और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# जीटीबी पब्लिक स्कूल में हुई मैथ्स क्विज प्रतियोगिता



**नूरपुर ( चिंगारी )।** शनिवार को गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में मेथ्स क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय में पांचों हाउस सुभाष हाउस, गांधी हाउस, टैगोर हाउस, भगत सिंह हाउस, तेज हाउस के कक्षा 3 से 9 तक के बच्चों ने भाग लिया। मैथ्स क्विज का परिणाम इस प्रकार रहा। प्रथम–भगत सिंह हाउस , द्वितीय– सुभाष हाउस, तृतीय – टैगोर हाउस और तेज हाउस। भगत सिंह हाउस से सुखजोत, ईशान, शौर्य, प्राची, प्रणिका, आव्या, आरुषि, अभिनव, अफान, दीपांजल, हर्षित, सिदरा ने सब सही जवाब दिये। सुभाष हाउस से हितांशी, यशी, धैर्य, वैभव, अभिनव, भूमि, आरुष, यश, आदर्श, रूपांशी, आरोही, सिदरा, दीपांशु, नक्श ने सबसे सही जवाब दिये। टैगोर हाउस से दीक्षित, प्रतीक, प्रियांश, विराज, वेदांत, पार्थ, कृति, निष्ठा, सिद्रा,राधिका, मिशा, निधि, भार्गव, सत्यम, अफान, इशांक, फलक, इशिका ने सबसे सही जवाब दिये। तेज हाउस से स्वस्ति, आदित्य, हरकीरत, दर्श, सनाया, संबित, मोइज, विशांक, कुशाग्र, जीशान, अक्षत, काव्य, कोहिनूर, मानवी, धैर्य, मीत, युवराज, जयंत, ने सबसे सही जवाब दिये। गांधी हाउस से ख्याति, युग, युविका, वैष्णवी, बिलाल, कृति, भूमि, माही, मानवी, इशांत ने सबसे सही जवाब दिये। प्रतियोगिता का संचालन कोओर्डिनेटर दीपक कुमार ने किया। मैनेजिंग डायरेक्टर मनदीप सिंह, प्रधानाचार्य अवनीश कुमार ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

## मौलाना जौहर एजुकेशन इंस्टीट्यूट का बीएससी का परीक्षाफल घोषित

**किरतपुर ( चिंगारी )।** मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट, किरतपुर (बिजनौर) का बी.एस.सी. पांचवे सेमेस्टर 2025–26 का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। जिसमें सहरनूर ने 71.3 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान, सना ने 67.8 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान और सदफ ने 64.8 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबन्धक मौहम्मद साइम राजा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मोहित बंसल ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आदर्श नागरिक बनकर देश एवं समाज सेवा करने का आह्वान किया। विज्ञान विभाग की प्रवक्ता रिजवाना खान, ईरम शाहिद , निशा परवीन, और अल्फिया सिद्दीकी ने सभी सफल छात्र–छात्राओं को भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।



## भारत स्वरूप अकादमी में हुआ 'एआई' कार्यशाला का आयोजन




**धामपुर ( चिंगारी )।** भारत स्वरूप अकादमी, मीमला में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए एआई के व्यावहारिक उपयोगों से परिचित कराना रहा। कार्यशाला में सचिन ठाकुर द्वारा बताया गया कि एआई के माध्यम से विज्ञापन की रूपरेखा (डिज़ाइन) तैयार करना, उपयुक्त चित्रों का चयन करना तथा विभिन्न भाषाओं में अनुवाद करना अत्यंत सरल हो गया है। उन्होंने यह भी समझाया कि एआई तकनीक के प्रयोग से कम समय एवं कम लागत में उच्च गुणवत्ता वाले परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं, जो वर्तमान डिजिटल युग में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या उपासना यादव ने कहा कि एआई शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाएं खोल रहा है और विद्यार्थियों को इसके प्रति जागरूक होना आवश्यक है। कार्यक्रम में पर्वेन्द्र सिंह, यश चौहान, सीमा चौहान, ज्योति चौहान, सोनी, मेघा, आलिया आदि विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# छात्र-छात्राओं की सुविधाओं के लिये क्लब ने स्कूल को आठ पंखे दिये




**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब ऋषिकेश क्लासिक द्वारा स्व. मनमोहन सकलानी की स्मृति मैं गुमानी वाला श्यामपुर स्थित राजश्री चिल्ड्रन एकेडमी में छात्र–छात्राओं की सुविधाओं को देखते हुए आठ बिजली के पंखे दिये गये। रोटरी क्लासिक अध्यक्ष संजय सकलानी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं इसलिए ज़रूरी है कि उन्हें प्यार दिया जाए और उनकी देखभाल की जाए जिससे वो अपने पैरों पर खड़ा हो सके और इस देश का भविष्य बन सकें। रोटरी क्लासिक के सचिव विजय रावत ने कहा कि स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारा क्लब को अवगत कराया गया था कि स्कूल में बच्चों को गर्मी के कारण बड़ी परेशानी हो रही हैं और पंखे की कोई व्यवस्था नहीं है जिसको देखते हुए क्लब द्वारा स्वर्गीय मनमोहन सकलानी की स्मृति में आठ पंखे स्कूल को प्रदान किए गए हैं और आगे भी निरंतर क्लब द्वारा ऐसे कार्य होते रहेंगे। समाजसेवी सुधीर राय रावत ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है और नए क्लब द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जो पुनीत कार्य किये जा रहे हैं वह प्रशंसनीय है और उम्मीद है कि नए क्लब की नवीन कार्यकारिणी भी इन कार्यों को आगे बढ़ाएगी। कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाचार्य ने बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिये क्लब के सदस्यों का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में रोटरी क्लासिक के कोषाध्यक्ष हिमांशु गुप्ता, रो. राकेश अग्रवाल और रो.सौरव वर्मा री.सौरभ शर्मा व रो.अंकित गुप्ता और स्कूल के अध्यापकगण और छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## त्रिदिवसीय रोवर्स–रेंजर प्रशिक्षण शिविर का समापन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय महाविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय रोवर्स–रेंजर प्रशिक्षण शिविर में युवाओं को अनुशासन से रहने की सीख दी गई। शिविर के अंतिम दिन का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. डीएस नेगी, प्रो. रमेश सिंह चौहान व नवीन जोशी ने किया। प्रथम सत्र में महाविद्यालय की रेंजर्स प्रभारी डा. सुषमा भट्ट थलेड़ी ने प्रतिभाग कर रहे रोवर्स–रेंजर को अनुशासन के साथ प्रशिक्षण लेने की सीख दी। प्रशिक्षक शांति रतूड़ी ने रोवर्स–रेंजर को तंबू निर्माण, मंकी ब्रिज, गैजेट बनाने की विधि के बारे में बताया। प्रशिक्षक रूपचंद्र लखेड़ा ने मचान बनाने की जानकारी के साथ ही बेडेन पावेल के जीवन के बारे में विस्तार से बताया।

# सौरभ राणा को मिला हस्तिनापुर सम्मान व जयत्री पुरस्कार

**चांदपुर ( चिंगारी )।** हस्तिनापुर में आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता, संस्कृति कर्मी एवं हिंदी प्रेमी सौरभ राणा को अखिल भारतीय साहित्य परिषद मेरठ प्रांत महासचिव डॉ यतीन्द्र कटारिया विद्यालंकार के संयोजन में उनके उल्लेखनीय सामाजिक एवं सांस्कृतिक योगदान के लिए दो प्रतिष्ठित सम्मानों से अलंकृत किया गया है। अखिल भारतीय साहित्य परिषद, बहसूमा रियासत हस्तिनापुर (मेरठ) द्वारा महाराजा जयकरण सिंह एवं राजमाता अत्री देवी की स्मृति में प्रारंभ किए गए जयत्री पुरस्कार से सौरभ राणा को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें समाज सेवा, सांस्कृतिक संरक्षण तथा हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में उनके सक्रिय योगदान के लिए प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, एक गरिमामयी समारोह में पूर्व राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान की गरिमामयी उपस्थिति में सौरभ राणा को हस्तिनापुर सम्मान से भी विभूषित किया गया। यह सम्मान अंतर्राष्ट्रीय योग विशेषज्ञ एवं वैदिक विद्वान स्वामी कर्मवीर जी महाराज पूर्व राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान व डॉ यतींद्र कटारिया तथा आदर्श कुमार जैनर के करकमलों द्वारा प्रदान किया गया। सौरभ राणा लंबे समय से समाज सेवा, सांस्कृतिक जागरूकता और हिंदी भाषा के संवर्धन में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनके प्रयासों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और जागरूकता का प्रसार हुआ है।



सौरभ राणा को सम्मानित करते पूर्व राज्यपाल मौ आरिफ खान।

## विधायक ने लैंसडोन का नाम बदलने पर रोक लगाने की मांग की

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** लैंसडौन विधायक दिलीप रावत ने लैंसडौन का नाम बदलने की प्रक्रिया को पूरी तरह से जनभावना के विपरीत बताते हुए नाम बदलने संबंधी आदेश पर रोक लगाने की मांग उठाई है। इस संबंध में विधायक दलीप सिंह रावत ने लैंसडौन से बदल कर जसवंतगढ़ छावनी रखने के प्रस्ताव को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र भेजकर रोकने की मांग की है। पत्र में उन्होंने कहा कि वर्तमान में पौड़ी गढ़वाल में स्थित लैंसडौन पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। पूरे विश्व से हर वर्ष पर्यटक अपनी उपस्थिति यहां दर्ज करवा रहे हैं। यदि इस पर्यटन स्थल का नाम बदल गया तो इससे न सिर्फ नगर की पहचान पर संकट पैदा होगा, बल्कि प्रदेश में पर्यटन की उम्मीदों को भी झटका लगेगा। विधायक ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व सांसद अनिल बलूनी को भी पत्र की प्रतिलिपि भेजी है।

# महात्मा गांधी इण्टर कॉलेज मंडावर में रहा बेटियों का दबदबा



**मंडावर ( चिंगारी )।** यू.पी.बोर्ड परीक्षा–2026 का परीक्षा परिणाम देखकर परीक्षार्थियों के चेहरे खिल उठे। विद्यालय का इंटर का रिजल्ट 94 प्रतिशत प्रतिशत व हाईस्कूल का परिणाम 90 प्रतिशत रहा। इंटर की परीक्षा में तनु ने 78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। आयशा ने 76 प्रतिशत अंक हासिल कर दूसरा स्थान व गुलनाज ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।हाईस्कूल में वंशिका ने 76 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।शाजिया ने दूसरा ब अदीबा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधक मनोज भारद्वाज, प्रधानाचार्य डॉ. मोहित शर्मा व समस्त विद्यालय परिवार ने सभी मेधावी विद्यार्थियों की मिठाई खिलाकर बधाई व शुभकामनाएं दी। सभी विद्यार्थियों के माता पिता ने भी उनकी इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए विद्यालय के समस्त शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।उन्होंने विद्यालय प्रबंधक का भी धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि आज के समय पूरे क्षेत्र में इतनी कम फीस लेकर बच्चों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा उपलब्ध कराना मामूली बात नहीं है। इससे बड़ी समाज सेवा कोई नहीं हो सकती है। विद्यालय प्रबंधक ने सभी बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी। डॉ. राजीव अग्रवाल, राजीव कश्यप, महताब अहमद, दीपक कुमार, संकुल त्यागी, पुनीत अग्रवाल, संजय सेन, विपिन कुमार, अंशुल कुमार, निकुल कुमार, त्रिलोक चंद, पवन कुमार, राजेंद्र, सर्वेन्द्र, रजनीश कुमार आदि मौजूद रहे।

## शाबाश लीना!

**बिजनौर ( चिंगारी )।** ग्राम पंचायत महारायपुर शेख उर्फ दिनौंडी के प्रधान डॉ. रवेंद्र सैनी एवं पत्रकार देवेन्द्र सैनी की भतीजी और वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश सैनी एवं सुषमा सैनी की होनहार पुत्री लीना सैनी ने नूतन इण्टर कॉलेज तीसोतरा से इंटरमीडिएट की परीक्षा में 80 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में पांचवा तथा अपनी कक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त कर अपने परिवार एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है। लीना सैनी की इस उपलब्धि से पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए लीना सैनी के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## जल्द ही अपने निजी भवन में होगा गन्ना समिति का कार्यालय

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** पिछले 21 वर्षों से किराए के भवन में चला आ रहा सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड अफजलगढ़ का कार्यालय अब शीघ्र ही अपने निजी भवन में होगा, जिसमें गन्ना किसानों के लिये तमाम सुविधाएं होगी। उत्तराखंड निर्माण के बाद 2001 में गन्ना समिति अफजलगढ़ का गठन हुआ था

### 21 वर्षों से किराए के भवन में हो रहा है संचालित

जिसका कार्यालय अब तक किराए के भवन में चलता आ रहा हैं। समिति के चेयरमैन सरदार मलकीत सिंह ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक कुंवर सुशांत सिंह एवं समस्त संचालक मंडल के सहयोग से इस कार्यालय के निजी भवन हेतु धामपुर रोड स्थित सीओ कार्यालय के सम्मुख लगभग एक एकड़ सरकारी आराजी में इस कार्यालय के निर्माण के लिए शासन से 2 करोड रुपए की धनराशि मंजूर हुई थी। उन्होंने बताया कि अब शीघ्र ही समिति के कार्यालय भवन के निर्माण हेतु शिलान्यास होगा। सरदार मलकीत सिंह ने क्षेत्रीय विधायक कुंवर सुशांत सिंह सहित प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार का आभार जताया है।

# हाथियों ने स्कूल व बाग में बनी झोपड़ी में कहर ढाया

**चिडियापुर ( चिंगारी )।** लालढांग जनता जूनियर हाई स्कूल में हाथियों ने दरवाजे तोड़ कर स्कूल में रखा सामान तहस नहस कर डाला। ग्रामीणों ने पहुंच कर हाथियों को भगाया। शुक्रवार की रात नौ बजे हाथियों का झुंड लालढांग रेंज के अंतर्गत पौड़ी गढ़वाल के लालढांग जनता जूनियर हाई स्कूल में पहुंच गया।हाथियों ने दरवाजे तोड़कर कमरों में रखा समान भी तोड़ दिया। स्कूल में हो रही तोड़–फोड की आवाज सुनकर ग्रामीण स्कूल की तरफ दौड़े और हाथियों को भगाया। ग्रामीणों ने लालढांग रेंज के वनकर्मियों को हाथी के स्कूल में आने की सूचना दी। प्रधानाध्यापक यतेन्द्र गौड़ ने बताया कि हाथियों ने पीछे से दरवाजे को तोड़ते हुए गैलरी से आगे बरामदे में आकर एक कमरे का दरवाजा तोड़ दिया।वन दरोगा गजपाल भंडारी को मामले की जानकारी दी। वहीं दूसरी ओर बारह बजे के लगभग हाथियों का झुंड वीर सिंह तड़ियाल के घर का गेट तोड़ते हुए आंगन से होकर उनके बाग की रखवाली कर रहे। सद्दाम की झोपड़ी में घुस गया। पत्नी व बच्चों के साथ रह रहे सद्दाम ने झोपड़ी से भाग कर पास ही मकान की छत पर जाकर जान बचाई। आटा, चावल, हाथी चट कर गया। झोपड़ी में रखा समान भी तोड़ डाला। ग्रामीणों ने वन विभाग के क्षेत्रीय वन कर्मियों को घटना के संबंध में अवगत कराया तथा क्षेत्र में हाथियों को रोकने के लिए उचित कदम उठाने की मांग की तथा उचित मुआवजा दिलवाले के विषय में वार्ता की।



## एमबीबीएस करके लौटे दीक्षांत चौहान का भव्य स्वागत

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** एसवीएस पीजी कॉलेज मौ.पुर राजौरी के डायरेक्टर डॉ. राजवीर सिंह के पुत्र दीक्षांत चौहान एमबीबीएस की पढ़ाई पूर्ण कर घर लौटे तो परिजनों, संबंधियों एवं शुभचिंतकों ने उनका भव्य स्वागत किया। इंटर तक की पढ़ाई काशीपुर से पूर्ण करने के उपरांत दीक्षांत चौहान का एमबीबीएस के लिए सरस्वती मेडिकल कॉलेज कानपुर में सलेक्शन हो गया था, जहां से उन्होंने एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर ली है। डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि उनके बेटे दीक्षांत चौहान की बचपन से ही डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करने की इच्छा थी, जो ईश्वर की कृपा, अपनों के आशीर्वाद व दीक्षांत की मेहनत से पूरा हो गई है।



# चारधाम यात्रा पर श्रद्धालुओं का जाना हुआ जारी स्वास्थ्य विभाग ने सीमाओं से परे भी की तैयारी

**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा अब विधिवत रूप से शुरू हो चुकी है। गंगोत्री मंदिर और यमुनोत्री मंदिर के कपाट खुलने के बाद केदारनाथ मंदिर के कपाट भी श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। इसके साथ ही प्रदेश में आस्था, उत्साह और श्रद्धा का विशाल प्रवाह देखने को मिल रहा है। पुष्कर सिंह धामी के दिशा–निर्देशों, स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल के मार्गदर्शन और स्वास्थ्य सचिव सचिन कुर्वे के

### स्वास्थ्य विभाग के सहायक निदेशक ने किया मध्य प्रदेश का दौरा

नेतृत्व में राज्य सरकार ने यात्रा को सुरक्षित,व्यवस्थित और स्वास्थ्य की दृष्टि से बेहतर बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। इस बार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को 'प्रो–एक्टिव' रणनीति के तहत कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमें चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले ही यात्रा मार्गों पर तैनात की जा चुकी हैं। इन टीमों द्वारा स्वास्थ्य जांच, प्राथमिक उपचार, आपातकालीन सेवाएं और जागरूकता अभियान लगातार संचालित किये जा रहे हैं। मोबाइल मेडिकल यूनिट्स, क्विज रिस्पांस टीमें और अस्थायी स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से श्रद्धालुओं को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। सरकार का फोकस केवल उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि श्रद्धालुओं को पहले से जागरूक कर स्वास्थ्य जोखिमों को कम करना भी है।

### जागरूक श्रद्धालु, सुरक्षित यात्रा

**स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी में श्रद्धालुओं को यात्रा से पूर्व स्वास्थ्य परीक्षण कराने, आवश्यक दवाइयां साथ रखने, पर्याप्त विश्राम करने की सलाह दी गई है। बुजुर्गों, बच्चों और बीमार व्यक्तियों के लिए विशेष सावधानियां भी सुझाई गई हैं।**

### सुरक्षित और सुगम यात्रा सरकार की प्राथमिकता

**स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा है कि चारधाम यात्रा प्रदेश की आस्था और पहचान का केंद्र है, इसलिए श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यात्रा मार्गों पर स्वास्थ्य सुविधाओं को हर स्तर पर मजबूत रखा जाए और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।**

### दूसरे राज्यों में भी पहुंची स्वास्थ्य जागरूकता मुहिम

**इसी रणनीति के तहत उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को उन राज्यों में भेजा गया है, जहां से बड़ी संख्या में श्रद्धालु चारधाम यात्रा के लिए आते हैं। इस क्रम में सहायक निदेशक, स्वास्थ्य विभाग डॉ. अमित शुक्ला ने मध्य प्रदेश का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अशोक बर्नवाल, अपर मुख्य सचिव ( स्वास्थ्य ), मध्य प्रदेश शासन से मुलाकात कर चारधाम यात्रा से संबंधित स्वास्थ्य तैयारियों और जागरूकता पर चर्चा की। उत्तराखंड सरकार द्वारा तैयार हिंदी एवं अंग्रेज़ी में स्वास्थ्य एडवाइजरी भी साझा की गई, ताकि इसे व्यापक स्तर पर प्रचारित किया जा सके और श्रद्धालु यात्रा से पहले ही आवश्यक सावधानियां अपना सकें।**

# भाजपा कर रही राष्ट्रहित, विकास व जनसेवा के कार्य : डा. प्रेमचंद

## कार्यक्रम में अनेक लोगों ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** रायवाला क्षेत्र की प्रतीत नगर ग्राम सभा में आयोजित एक कार्यक्रम में ऋषिकेश विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल की उपस्थिति में अनेक लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासियों की सहभागिता देखने को मिली। डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने सभी नव सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि विश्व का सबसे बड़ा संगठन है, जो राष्ट्रहित, विकास और जनसेवा के संकल्प के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने भाजपा की तुलना एक विशाल वट वृक्ष से करते हुए कहा कि इसकी छांव में समाज के सभी वर्गों को सम्मान, सुरक्षा और अवसर प्राप्त होता है। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार एवं राज्य की धामी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और पारदर्शी कार्यशैली से प्रभावित होकर आज बड़ी संख्या में लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। उन्होंने सभी नवागंतुक सदस्यों से संगठन की रीति–नीति को अपनाते हुए क्षेत्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया एंव क्षेत्र की आवश्यकता को देखते हुए विधायक निधि से सड़क निर्माण की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता रायवाला मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बिष्ट संचालन ग्राम प्रधान राजेश जुगलान ने किया। कार्यक्रम के संयोजक बबीता व कमल कुमार रहे। सदस्यता ग्रहण करने वालों मे पंचायत सदस्य सुषमा रतूड़ी, गीता थापा, मेघा, उत्तम नाथ, प्रदीप कंडवाल, अंजू सोनी, हरीश नाथ, प्रमोद, धर्मा, सुंदरलाल, मनी मोहन विश्वास, सत्यपाल सिंह, विजयनाथ, यशपाल सिंह, आयुष्मति, प्रियंका देवी, राजेश नेगी, रमेश निरंकारी, रामलाल नाथ रहे इस अवसर पर राहुल अग्रवाल, बलविंदर सिंह, कमल कुमार अंजना चौहान आदि शामिल थे।



रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक–**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक–**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या– डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.–14/2025–27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com



# उत्तर प्रदेश निवेश का ग्लोबल डेस्टिनेशन



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज भारत की आर्थिक प्रगति की अग्रिम पंक्ति में खड़ा है। 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' के स्पष्ट विज़न को प्रभावी क्रियान्वयन के साथ जमीन पर उतारते हुए राज्य ने निवेश-आधारित विकास का एक नया मॉडल प्रस्तुत किया है। बेहतर कानून-व्यवस्था, पारदर्शी शासन व्यवस्था और निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल ने उत्तर प्रदेश को देश ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी एक भरोसेमंद और आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित किया है।आज उत्तर प्रदेश केवल संभावनाओं का केंद्र नहीं, बल्कि तेज़ विकास, मजबूत बुनियादी ढांचे और नीतिगत स्थिरता के दम पर निवेशकों के लिए विश्वास और अवसर का प्रतीक बन चुका है।

## भविष्य के आधुनिक केंद्र

**नोएडा**
देश के अग्रणी आईटी हब के रूप में स्थापित।

**लखनऊ**
भविष्य की जरूरतों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हब की तैयारी।

**कानपुर**
रक्षा और तकनीक के संगम के साथ ड्रोन हब के रूप में विकास।

**यमुना एक्सप्रेसवे**
यहाँ उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर इकाई की स्थापना की जा रही है।

## नवनिर्माण के 9 वर्ष







### निवेश और आर्थिक सुदृढ़ता

**निवेश का महाकुंभ:** पिछले 9 वर्षों में ₹50 लाख करोड़ से अधिक के निजी निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।

**धरातल पर उतरता निवेश:** ₹15 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों का सफल क्रियान्वयन हो चुका है।

**वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम 2026:** दावोस में यूपी ने वैश्विक मंच पर ₹2,94,255 करोड़ के एम.ओ.यू. साइन किए।

**सकल मूल्य वर्धन (जीवीए):** उद्योगों के सकल मूल्य वर्धन में 25% की वृद्धि के साथ यूपी देश के प्रमुख राज्यों में प्रथम स्थान पर है, जो राष्ट्रीय औसत (11.9%) से दोगुने से भी अधिक है।

### रिफॉर्म और सुगम व्यापार

**पॉलिसी ड्रिवेन स्टेट:** उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए 34 सेक्टोरल पॉलिसी लागू की गईं।

**निवेश सारथी व निवेश मित्र 3.0:** सिंगल विंडो सिस्टम और डि-रेगुलेशन सुधारों ने व्यापार प्रक्रिया को पारदर्शी और आसान बनाया।

**कंप्लायंस रिडक्शन:** नियमों के सरलीकरण और अनुपालन बोझ को कम करने में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है।

**एक्सपोर्ट प्रिपेयर्डनेस इंडेक्स:** भू-आबद्ध राज्यों की श्रेणी में उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर काबिज।

### वैश्विक पहुंच और विशेष डेस्क

**विदेशी निवेश (एफडीआई):** अप्रैल 2017 से जून 2025 के बीच ₹17,004 करोड़ का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ।

**कंट्री डेस्क:** एफडीआई के लिए 6 विशेष डेस्क (जर्मनी-फ्रांस, यूएई-सिंगापुर, जापान, द. कोरिया, ताइवान और यूके) स्थापित।

**सेक्टोरल डेस्क:** वस्त्र एवं परिधान, ऑटोमोबाइल एवं इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, रसायन, इलेक्ट्रॉनिक्स और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जी सी सी), जैसे 5 प्रमुख क्षेत्रों के लिए समर्पित डेस्क।

### औद्योगिक विस्तार और निर्यात

**बढ़ती फैक्ट्रियां:** वर्ष 2017 में कारखानों की संख्या 14,169 थी, जो आज बढ़कर 31,459 (दोगुने से भी अधिक) हो गई है।

**निर्यात में रिकॉर्ड उछाल:** 2016-17 में ₹86 हजार करोड़ से बढ़कर 2024-25 में निर्यात ₹1.86 लाख करोड़ पहुंचा। (नवंबर 2025 तक ही ₹1.31 लाख करोड़ का आंकड़ा पार)।

**एमएसएमई का गढ़:** 96 लाख से अधिक इकाइयों के साथ उत्तर प्रदेश देश में शीर्ष पर है।

**स्टार्टअप रैंकिंग:** भारत सरकार की रैंकिंग में यूपी 'टॉप परफॉर्मर' (ए-1) कैटेगरी में शामिल।